प्रकाशक,

विहारीलाल कठनेरा

प्रोप्राइटर—हिन्दी जैनसाहित्यप्रसारक कार्यालय;

हीराबाग पो॰ गिरगाँव–बम्बई ।



मुद्रक,

मंगेश नारायण कुलकर्णी

कर्नाटक प्रेस नं. ४३४ ठाकुरद्वार रोड मुंबई

निवेदन ।

यह महान् ग्रंथ हमने स्व० पंडित-प्रवर टोडरमलजीकृत भाषा-वचनिका सहित ही छपाया है। संस्कृत टीका इसमें इस लिए नहीं दी कि वह 'माणिकचन्द्र ग्रंथमाला'में मूलसहित छप चुकी है। कुछ लोगोंकी राय है कि पुरानी भाषाके पद्य वर्तमान हिन्दीमें परिवर्तित कर दिये जाने चाहिये; परन्तु हमें भाषाकारके गौरवकी रक्षा करना इष्ट था; अतएव हमने उसका परिवर्तन कराना उचित नहीं समझा।

हमारी बड़ी इच्छा थी कि इसके यंत्र-भागको ग्रंथके साथ ही लगा दिया जाता; परन्तु कुछ ऐसे कारण उपस्थित हो गये जिनसे तत्काल यंत्रोंका तैयार करवाना कठिन हो गया। यंत्रोंके तैयार करानेमें कुछ विलम्ब अवश्य होगा; परन्तु तैयार होते ही उन्हें हम सब ग्राहकोंके पास पोस्ट द्वारा भेज देंगे। हम उन सज्जनोंसे प्रार्थना करते हैं कि जिन जिनके पास यह ग्रंथ पहुँचे वे एक कार्ड द्वारा अपना पता लिख भेजनेकी कृपा करें।

इसका सम्पादन तथा संशोधन-कार्य श्रीयुत पं० मनोहरलालजी शास्त्रीने किया है। हमें जहाँ तक विश्वास है पंडितजीने अपनी जिम्मेवरीका ध्यान रख कर ही इस कार्यका सम्पादन किया है; और इस लिए दृष्टि दोषकी साधारण भूलोंको छोड़ कर सैद्धान्तिक भूलोंका रहना बहुत कम संभव है। अतःपर भी कोई भूल रह गई हो तो उसका संशोधन कर हमें भी उसकी सूचना देनेकी कृपा करें; जिससे दूसरी आवृत्तिमें उसके संशोधनका ध्यान रक्खा जावे।

उदयलाल काशलीवाल

हमारी छपाई पुस्तकें ।

रत्नकरंडश्रावकाचार—स्व॰ पं॰ सदासुखजीकृत भाषाटीकासहित । श्रावकाचारसम्बन्धी भाषाके जितने ग्रंथ इस समय मिलते हैं, उन सबसे यह बहुत बड़ा ग्रन्थ है । यह खुले पत्रोंमें, जाड़े कागज मोटे टाईपमें बड़ी सुन्दरतासे छपाया गया है । पृष्ठ संख्या ५७५ के लगभग है । मूल्य पाँच रुपया ।

पुण्यास्रव—इसमें मनोरंजक और धार्मिक भावोंसे परिपूर्ण कोई ५६ छोटी मोटी कथायें हैं । इसे यह दूसरी बार छपाया है । पृष्ठसंख्या ३४० के लगभग । मूल्य तीन रुपया ।

भक्तामर कथा—(मन्त्र-यंत्र-सहित) यह ग्रन्थ स्वर्गीय ब्रह्मचारी रायमल्लके बनाये भक्तामरके अक्षर बड़ी सीधी-साधी हिन्दी-भाषामें छपाया गया है । अन्तमें मन्त्र, ऋद्धि और उनकी साधनविधि तथा [illegible]तालीस यंत्र भी दिये गये हैं । मूल्य कपड़ेकी जिल्दका एक रुपया छह आने, सादी जिल्दका एक रुपया ।

चन्द्रप्रभचरित—महाकवि—श्रीवीरनन्दी आचार्यकृत, संस्कृत जैन काव्योंमें यह उच्च कोटीका काव्य इसमें आठवें तीर्थंकर श्रीचंद्रप्रभ भगवानका पवित्र चरित वर्णन किया गया है । मूल्य कपड़ेकी जिल्द [illegible] रुपया; सादी जिल्द एक रुपया ।

नेमिपुराण—यह ब्रह्मचारी नेमिदत्तके संस्कृत नेमिपुराणका हिन्दी अनुवाद है । इसमें बावीसवें तीर्थंकर [illegible]नाथ भगवानका पवित्र चरित है । मूल्य कपड़ेकी जिल्द सवा दो रुपया, सादी जिल्द दो रुपया ।

सम्यक्त्वकौमुदी—यह भी कथाका एक सुन्दर ग्रन्थ है । इसमें सम्यक्त्वके प्राप्त करनेवाले, राजा [illegible]तोदय, सुयोधन, अर्हद्दास, चन्दनश्री, विष्णुश्री, नागश्री, पद्मलता, कनकलता और विद्युल्लताकी आठ [illegible]यें हैं । मूल्य कपड़ेकी जि॰ एक रुपया छःआने, सादी जि॰ एक रुपया दो आने ।

सुदर्शनचरित—यह सकलकीर्तिकृत संस्कृत सुदर्शन चरितका हिन्दी अनुवाद है । सुदर्शन बड़ा [illegible]-निश्चयी था, कामी स्त्रियोंने उसके साथ अनेक प्रकारकी बुरी चेष्टायें कीं उसे शीलधर्मसे गिरानेका खूब ही [illegible]ल किया परंतु सुदर्शन अपने शीलधर्म पर सुमेरुसा अचल-अडिग बना रहा । मूल्य नौ आने ।

नागकुमारचरित—षट्भाषा कवि चक्रवर्ती मल्लिषेण सूरिके संस्कृत ग्रंथका अनुवाद । मूल्य छः आने।

यशोधरचरित । महाकवि वादिराज सूरिके एक सुन्दर संस्कृतकाव्यका हिन्दी अनुवाद । इसमें [illegible]ोधरका सुन्दर चरित वर्णन किया गया है । पुस्तक करुण रससे भरी हुई है । पढते पढ़ते हृदय भर [illegible]ता है । मूल्य मात्र चार आना ।

पवनदूत (काव्य) *कालिदासके मेघदूतके समान रचा गया है, हिन्दी भाषामें है ।* कीमत चार आना।

श्रेणिकचरितसार । ब्रह्मचारी नेमिदत्तके संस्कृत श्रेणिककथासारका यह अनुवाद है । मूल्य तीन आने।

अकलंकचरित । इसमें अकलंक-स्तोत्र और उसका भावार्थ तथा हिन्दी पद्यानुवाद भी शामिल कर [illegible]या है । मूल्य तीन आने ।

सुकुमालचरितसार । इसके बनानेवाले ब्रह्मचारी नेमिदत्त हैं । उन्हीके ग्रन्थका यह अनुवाद है। [illegible]य डेढ़ आना ।

पंचास्तिकाय-समयसार । मूलग्रन्थके बनानेवाले भगवान कुन्दकुन्दाचार्य हैं । उस पर स्व॰ पं॰ [illegible]ानन्दजीने दोहा, चौपाई, कवित्त, सवैया आदिमें छन्दोबद्ध टीका लिखी है । कीमत एक रुपया ।

चौबीसठाणा-चर्चा—यह गोम्मटसारके आधार पर लिखी गई है । इसमें चौबीस दण्डक भी शामिल [illegible]र दिये हैं । मूल्य आठ आने ।

छहढाला—(सार्थ) स्व॰ पं॰ दौलत रामजी कृत । ब्र॰ शीतलप्रसादजीकृत अर्थसहित है । तीन आने ।

नियमपोथी—इसे भी ब्रह्मचारी शीतलप्रसादजीने संग्रह किया है । मूल्य आधा आना ।

हिन्दी भक्तामर—यह संस्कृत भक्तामरका खड़ी बोलीकी कवितामें सुन्दर अनुवाद है । मूल्य सवा आना।


हिन्दी कल्याणमन्दिर । भक्तामरके समान यह भी खड़ी बोलीकी कवितामें संस्कृत कल्याण मंदिरका [illegible] है । मूल्य एक आना ।

कर्मदहन-विधान । इसमें कर्मदहन पूजा आदि सब छपे हैं । मूल्य पाँच आने ।



भाषाटीकाकार पंडितवर
टोडरमल्लजी लिखित

भूमिका



इस शास्त्रकी संस्कृत टीका पूर्वे भई है तथापि तहां संस्कृत गणितादिकका ज्ञानविना प्रवेश होइ सकता नाहीं। तातैं स्तोक ज्ञानवालोंकै त्रिलोकके स्वरूपका ज्ञान होनेके अर्थि तिसही अर्थकौं भाषा करि लिखिए है। यावि मेरा कर्तव्य इतना ही है जो क्षयोपशमके अनुसारि तिस शास्त्रका अर्थकौं जानि धर्मानुरागतैं औरनिके जाननेके अर्थि जैसैं कोऊ मुखतैं अक्षर उचारि करि देशभाषारूप व्याख्यान करै तैसैं मैं हस्ततैं अक्षरनिकी स्थापना करि लिखौंगा। बहुरि छंदनिका जोड़ना नवीन युक्ति अलंकारादिकका प्रगट करना इत्यादि नवीन ग्रंथकारकनिके कार्य है तैसी मोतैं बनै ही नाहीं। तातैं ग्रंथका कर्तापना मेरै है नाहीं। इहां कोऊ कहै तुम तौ अमूर्तीक आत्मा हौ तुम करि लिखनेका कार्य कैसैं बनैगा। ताका समाधान। मैं जु हौं आत्मद्रव्य सो अनंत गुण पर्यायनिका पुंज हौं तिनि विषै श्रुतज्ञान अर धर्मानुराग अर शक्तिपना इन मेरे पर्यायनिके निमित्ततैं लिखनेरूप कार्य बनै है। तातैं कारणविषै कार्यका उपचार करि मैं लिखौंगा। ऐसा व्यवहार मात्र वचन जानना। निश्चय विचारतैं मैं मेरे ज्ञानादि भावनिहीका कर्ता हौं। लिखनेका कर्ता मैं नाहीं हौं। बहुरि प्रश्न। इनकै निमित्त नैमित्तिक संबंध कैसैं होइ है सो कहो? तहां कहिए है। मेरा ज्ञान स्वभाव है सो ज्ञानावरणके निमित्ततैं हीन होइ मतिश्रुत पर्यायरूप भया है। तहां मतिज्ञान करि शास्त्रके अक्षरनिका जानना भया। बहुरि मोहके उदयतैं मेरे औदयिक भाव रागादिक पाईए है। तहां प्रशस्तराग करि मेरे ऐसी इच्छा भई जो शास्त्रका अर्थ भाषारूप अक्षरनि करि लिखिए तौ इस क्षेत्रकालविषै मंद बुद्धि घने हैं तिनका भी कल्याण होइ। अर इस कार्यकौं करतैं अप्रशस्त भावके अभाव करि किछू धर्म प्रवृत्ति होनेतैं मेरा भी कल्याण होइ। तातैं जैसैं ताका लिखना बनै सो करना। बहुरि प्रदेशनिकौं चलावनेरूप शक्तिपना मेरै पाईए है। तहां तिस इच्छाके वशतैं जैसैं तिस कार्यकी सिद्धि होइ। तैसैं मैं मेरे प्रदेशनिकौं चंचल करौं हौं। ऐसैं इतने पर्याय तौ मेरै होइ है। बहुरि पुद्गल द्रव्य भी सक्रिय है। अर शरीर है सो पुद्गलपरमाणूनिका पिंड है। अर नामकर्मके निमित्ततै शरीरके अर मेरै एक बंधान है। तातै मेरे प्रदेश चंचल होनेतै तिनकी साथि हस्तादिक शरीरके अंग भी चंचल हो है। बहुरि हस्तादि अंगनिकौ दौ इस लेखनी आदि पुद्गल स्कंध है ते तैसे अक्षर लिखे जाय तैसे विधानरूप होइ प्रवर्तैं। तब अक्षरनिका आकार पत्रादि विषै स्थापन हो है। ऐसे यहु निमित्त [illegible]

ताका उत्तर–जो अर्थ प्रत्यक्ष अनुमान गोचर होइ ताकौं तौ प्रत्यक्ष अनुमान करि प्रमाण करना। बहुरि जो प्रत्यक्ष अनुमानतैं अगोचर होइ ताकौं आगम प्रमाण करि मानना। कोऊ कहै है कि अन्यमतके आगम अप्रमाण तुम्हारा आगम प्रमाण ऐसा कैसैं मानिए ? ताका उत्तर। आगम विषैं केई अर्थ प्रत्यक्ष अनुमान गोचर हैं केई अगोचर हैं। तहां प्रत्यक्ष अनुमान गोचर अर्थ करि आगमकी परीक्षा करनी। जिस मतके आगम विषैं प्रत्यक्ष अनुमान गोचर ही अर्थ विरुद्ध भासै तौ तिसका कह्या अगोचर अर्थ कैसैं प्रमाण करिए। अर जिस मतका आगम विषैं प्रत्यक्ष अनुमान गोचर अर्थ सत्य ही कहै भासै तौ तिसका कह्या अगोचर अर्थ भी सत्य ही होसी सो ऐसैं परीक्षा कीएं अन्यमतके आगम अप्रमाण जैनमतके प्रमाण प्रतिभासैं हैं। सो यहु शास्त्र जैनमतका आगम है तातैं प्रमाण है। या प्रकार इस शास्त्रकौं फलदायक जानि वक्ता श्रोताका लक्षण युक्त होइ बांचो सुनो अर प्रमाणीक जानि याका श्रद्धान करो। याके अभ्यासतैं तत्त्व श्रद्धानी होइ तत्त्वज्ञानकौं वधाइ रागादिककौं घटाइ मोक्षमार्गी होऊ। बहुरि तिस साधनतैं तुम्हारैं निरुपाधि आत्मस्वभावकी सिद्धि है लक्षण जाका ऐसा सिद्ध अवस्था प्रगट होऊ।



त्रिलोकसारकी विषयसूची।

विषय. — पृष्ठ.

लोकसामान्याधिकार ॥ १ ॥

वैमानिक लोकका वर्णन ॥ ५ ॥

मनुष्य तिर्यग्लोकका अधिकार ॥ ६ ॥

इति विषयसूची समाप्त।

त्रिलोकसारका परिशिष्ट ।

अब इस ग्रंथके अर्थ जाननेकों गणितका ज्ञान अवश्य चाहिए । जातैं यहु करणानुयोगरूप शास्त्र है, या विषै जहां तहां गणितका प्रयोजन पाईए है । तातैं पहलैं गणित शास्त्रनिका अभ्यास करना । सर्व शास्त्रनिका ज्ञान होनेकों कारणभूत दोय विद्या हैं । एक अक्षरविद्या एक अंकविद्या । सो व्याकरणादि करि अक्षर ज्ञान भए अर गणितशास्त्रनि करि अंकज्ञान भए अन्य शास्त्रनिका अभ्यास सुगम हो है । पहले श्रीऋषभदेवजी एक पुत्रीकों अक्षरविद्या एक पुत्रीकों अंकविद्या सिखाई । सो दोऊ ही विद्या कार्यकारी हैं । तहां जे तुच्छबुद्धी व्याकरणादि ज्ञानरहित हैं तिनके अर्थि यहु भाषा रचना करी । अब इस विषै जे जीव गणितज्ञानरहित हैं तिनके अर्थि इहां प्रयोजनमात्र शास्त्रोक्त गणित विधान वर्णन करिए हैं । बहुरि अन्य शास्त्रनितै विशेष जानना । तहां एकादिक गणना अर तिनके अंक मांडनेका विधान प्रवृत्ति विषै प्रसिद्ध है सो सीखलेना । बहुरि प्रवृत्ति विषै पहले अंकका नाम इकवाई दूसरे अंकका नाम दाहकी तृतीयादि अंकनिका नाम सैकड़ा हजार दशहजार लाख दशलाख कोडि कहिए है । संस्कृत विषै इनका नाम एक दश शत सहस्र अयुत लक्ष दशलक्ष कोटि ऐसे नाम हैं । बहुरि याके उपरि दशकोडी शतकोडि सहस्रकोडि इत्यादि नाम जोडिलेने । बहुरि अंकनिकी बाईं तरफसौं गति है । तातैं इकवाईका अंक लिख ताके पीछैं पीछैं दाहकी आदिकके अंक लिखनें । जैसें दोयसैं छप्पन लिखनें होइ तहां इकवाईका छका लिखना ताकै पीछैं दाहकीका पांचा अर ताके पीछैं सैंकड़ाका दूवा लिखना । बहुरि तहां छकाकों पहला अंक कहिए पांचकों दूसरा अंक कहिए दूवाकों अंतका अंक कहिए ऐसैं परिपाटी जाननी । बहुरि परिकर्माष्टककों सीखना । सो संकलन १ व्यवकलन १ गुणकार १ भागहार १ वर्ग १ वर्गमूल १ घन १ घनमूल इनकों परिकर्माष्टक कहिए है । तहां प्रवृत्ति विषै जाका नाम जोड देना है ताका नाम इहां संकलन जानना । जाकों जोडिए ताका नाम धनराशि कहिए, जाविषैं जोडिए सो मूलराशि जानना । सो मूलराशिकौं धनराशितैं अधिक कहिए । बहुरि मूल राशिके उपरि धनराशि लिखिए जैसें पांच अधिक पिचाणवे ऐसैं लिखिए ९५ तहां मूलराशि धनराशिके अंकनिकों यथास्थान जोडिए । इकवाईका अंक दाहकीका अंक विषैं दाहकीका ऐसे क्रमतैं जोडिए जो इकवाई आदिकके अंक जोडैं अधिक प्रमाण आवै तौ तहां इकवाईका अंक माडि दाहकी आदिकका अंक अवशेष रहै ताकों दाहकी आदिकके अंकनि विषैं जोडि दीजिए । याका नाम प्रवृत्ति विषैं हाथिलागा कहिए है । इहां उदाहरण । जैसे दोयसै छप्पनविषैं चौरासी जोडना होइ तहां इकवाईके अंक छह च्यारि जोडैं दश भए तहां इकवाईकी जायगा बिंदी मांडि अवशेष एका अर दाहकी के अंक पंच आठ जोडैं चौदह भए सो एकाके पीछे दाहकाकी जायगा चौका लिखि अवशेष एका अर दोय जोडैं तीन भए सो ताके पीछैं सैंकडाकी जायगा लिखना । ऐसैं इनका जोड़ तीनसै चालीस ३४० भया । अथवा दूसरी तरफतै जोडिए तो सैकड़ाकी

जायगा दूणा माहि दाहकौंके अंक पांच आठ जोडे तेरह भए सो दाहकौंकी जायगा तीया लिखि एक सैकडा विषै जोडे ऐसा भया ३३। बहुरि इकवाईका एक ग्यारि जोडे दश होइ तहां इकवाईकी जायगा बिंदी लिखि एक दाहकौंका अंक विषै जोडे ऐसा १४० भया। या प्रकार औरनिकाभी संकलन जानना। बहुरि व्यकलन नाम राशि विषै घटावनेका है प्राप्ति विषै याका नाम बाकीका काढना है। तहां जाकौं घटाईए ताका नाम ऋण राशि है। जाविषै घटाईए ताका नाम धनराशि है वा मूलराशि है। तिन ऋणराशि करि मूलराशिकौ हीन वा शोधित इत्यादि कहिए। सो मूलराशिके ऊपरि ऋणराशिकौं लिखि ताके आगै कुंडलीकासा आकार लिखे सहित कहिए जैसे दोय घाटि सौ ऐसे लिखिए १००, अथवा मूलराशिके आगै ऐसे – सहनानी करि ताकै ऋणराशि लिखिए। जैसे ताहीकौ ऐसे लिखिए २००–२ अथवा मूलराशिके नीचे बिंदी लिखि ताके नीचे ऋणराशि लिखिए जैसे ताहीकौ ऐसे लिखिए [illegible] बहुरि अन्य प्रकार भी लिखना हो है। तहां मूलराशिके अंकनिमैंसौं ऋणराशिके अंक यथास्थान क्रमतै घटाईए, इकवाईके अंकनिमैंसौं इकवाईके अंक दहाईके अंकनिमैंसौं दाहकौंके अंक ऐसे क्रमतै घटाईए [illegible] [illegible] अधिक है [illegible]

जाकरि गुणिए ताका नाम गुणक वा गुणाकार है। बहुरि गुण्य हूवा राशिका नाम गुणित वा हत वा घ्न इत्यादि जाननें। सो गुण्य आगें गुणककौं लिखिए जैसें चौसठि गुणां एकसौ अठाईसकौं ऐसें लिखिए १२८।६४ अब गुणनेका विधान कहिए हैं। गुणकारके अंकनिकरि पहलैं गुण्यका अंत अंककौ गुणिए तहां गुणकारका इकवाईका अंक करि गुणें अंक आवै तिन विषैं इकवाईका अंककौं तिस अंत अंकके उपरि लिखिए। दाहकी आदिके अंक आवै सौ ताके पीछे पीछें लिखिए। बहुरि जो गुणकारका अंक दाहकोका होइ सौ तिसकरि तिस गुण्यका अंत अंककौं तैसें ही गुणिए तहां पूर्वं इकवाईका अंक आया था ताके पीछें तिसकौं लिखिए। वा पूर्वं तहां अंक होइ तौ जोड़ दीजिए। बहुरि ऐसें ही गुणकारके सैकड़ा आदि अंक होंइ तौ तिनकरि क्रमतैं गुणि जो प्रमाण आवै ताकौं पीछें पीछें लिखिए वा जोडिए। ऐसें अंत अंकका गुणन किया। बहुरि जो गुण्यके अनेक अंक होइ तौ तैसें ही उपांत आदि अंकनिकौं क्रमतैं तहां गुणें इकवाईका अंक आवै सो तौ पूर्व इकवाईका अंक लिख्या था ताके आगें लिखिए अर अन्य अंक आवैं तिनकौं पूर्व अंकनि विषैं अनुक्रमतैं जोड़ते जाइए। ऐसैं कीएं जो प्रमाण आवै सो गुण्य हूवा राशि जाननां। इहां उदाहरण। जैसें एकसो अठाईसकौं चौंसठि करि गुणना तहां प्रथम गुण्यका एकाकौं चौसठि करि गुणिए तहां गुणकारका चौका करि गुणें च्यारि भया सो एका उपरि लिख्या छक्का करि गुणें छह भया सो ताके पीछें लिख्या तब ऐसा भया ६४। बहुरि गुण्यका उपांत अंक दूवा ताकौं चौंसठि करि गुणिए। तहां चौका करि गुणें बताम होइ तहां दूवा तौ पूर्व अंकनिके आगें लिख्या अर हायिलगे तीन सो पूर्व अंकनि विषैं जोड्या। बहुरि छक्का करि गुणें अठ्तालीस होइ सो पूर्व अंकनि विषैं जोडिए तब ऐसा भया ७६८ ऐसें गुण्य हूवा प्रमाण इक्यासीसै बाणवै भया। ऐसें ही अन्यत्र जाननां। बहुरि अन्य विधान कहिए हैं। गुणाकारके अंकनि करि गुण्यके प्रथम अंककौं गुणें जो प्रमाण आवै सो जुदा लिखिए अर गुण्यका द्वितीय अंककौं गुणें जो प्रमाण आवै ताके आगें एक बिंदी देइ जुदा लिखिए ऐसें ही क्रमतैं गुण्यका चतुर्थादि अंकनिकौं गुणें जो जो प्रमाण आवै ताके आगें च्यारि आदि बिंदी देइ जुदे जुदे लिखिए। बहुरि तिन सबनिकौं जोडिए जो प्रमाण आवै सो गुण्य हूवा राशि जाननां। जैसें चौंसठि करि एकसौ अठाईसकौं गुणनां तहां गुण्यका आठाकौं गुणें पांचसै बारह भए सो लिख्या अर दूवाकौं गुणें आगें एक बिंदी दीएं बारहसै अर्सी भए सो लिख्या अर एकाकौं गुणें आगें दोय बिंदी दीए चौंसठिसै होई इनकौं जोडें ८१९२ सोइ इक्यासीसै बाणवै आवै है। अथवा यन्त्रविधान करि गुणन हो है सो जेते गुण्यके अंक होंइ तितनी पंक्तिनि विषैं जेते गुणकारके अंक होइ तितने तितने कोठे करने। बहुरि तिन कोठानिकौ ड्योढे [illegible] बहुरि गुणकारके [illegible] अंकनि करि गुण्यका प्रथम अंककौ गुणें जो [illegible] आवै तिनकौं प्रथम पंक्तिके प्रथमादि [illegible] विषैं [illegible]। [illegible] गुणें [illegible] एक [illegible] अंक आवै तौ [illegible] ड्योढा कीया [illegible] प्रथम [illegible] अर [illegible] भागविषैं अंक [illegible]

अंक आवै तौ दाहकीका अंक उपरिम भाग विषै इकवाईका अंक द्वितीय भाग विषै लिखिए। बहुरि ऐसैंही गुणकारके प्रथमादि अंकनि करि गुण्यके द्वितीयादि अंकनिकों गुणि द्वितीयादि पंक्तिनि विषै लिखनें। बहुरि तिस यंत्रका ड्योढा जोड दीजिए जो प्रमाण आवै सो गुणित राशि जाननां। उदाहरण—जैसैं एक अठाईसकों चौसठि करि गुणना होइ तहां ऐसा यंत्र करिए। बहुरि याकों ऐसैं ड्योढा चौरिए........बहुरि याविषै छक्का चौका करि गुण्यका प्रथम अंक एककों गुणि प्रथम पंक्ति विषै द्वितीय अंक दूवाकों गुणि तृतीय पंक्ति विषै लिखने........ बहुरि इनका ड्योढा जोड दीजिए तब दूवाका दूवा लिख्या अर आठ तीन आठकों जोडें उगणीस ताका पीछैं नांवां लिख्या हाथ एकलागा सो अर च्यारि दोय च्यारि जोडें ग्यारह भए ताका ताके पीछैं एका लिख्या बहुरि हाथि लागा एक अर एका छक्का जोडें आठ भया सो वाके पीछैं लिख्या ऐसैं इक्यासीसै बाणवै प्रमाण आवै हैं। अथवा संभेदन करि गुणन हो हैं। तहां जैसैं सुगम गुणन होय तैसैं गुण्यका वा गुणकारका खंडकरि जुदे जुदे तिन खंडनिकों गुणि जोड दीजिए। उदाहरण। जैसैं एकसौ अठाईसकों चौसठि करि गुणना होइ तहां चौसठिकों दोय खंड कीये साठि अर च्यारि तहां साठि करि गुणें छिहंतरिसै असी होइ अर च्यारि करि गुणें पांचसैं बारह होइ, बहुरि ताकों सोलह करि गुणें इक्यासीसै बाणवै ही होइ। बहुरि जहां गुण्यगुणकार बहुत होइ तहां परस्पर गुणन करना। जैसें च्यारि सोलह चौसठि दोय ऐसें च्यारि राशि ४।१६।६४।२ गुण्य गुणकार हैं। इनकों परस्पर गुणिए तहां च्यारिकों सोलह करि गुणें चौसठि बहुरि याकों चौसठि करि गुणें च्यारि हजार छिनवै याकों दोयकरि गुणें इक्यासीसै बाणवै। अथवा गुण्य गुणकारनि विषै काहूका गुणकार रूप संभेदन करिए। काहूकों किसी करि गुणि लिख दीजिए पीछैं तिनकों परस्पर गुणिए। जैसें तिन गुण्य गुणकारनि विषै चौसठिका संभेदन करि च्यारि गुणा सोलह लिख्या। बहुरि पूर्वै च्यारिका अंक था ताकों इस च्यारिका अंक करि गुणें सोलह भए। ऐसैं कीएं ऐसा १६।१६।१६।२ राशि भया इनकों परस्पर गुणें भी इक्यासीसै बाणवै होइ। ऐसैं विधान जानना। संभेदनादि करनेका प्रयोजन इस शास्त्र विषै आवैगा तिसतैं इहां स्वरूप दिखाया है। ऐसैं वा अन्य प्रकार भी गुणन विधान जानना। बहुरि इहां इतना जाननां गुण्यगुणकार विषै कोई राशि विषै एक घटाईए वा बधाईए तो अन्य राशि एक ही होइ तौ तितनेही घटैं बधैं। अर अन्य राशि बहुत होइ तौ तिनकों परस्पर गुणें जितने होइ तितने घटैं बधैं। जैसें चौसठि करि एकसौ अठाईसकों गुणें इक्यासीसै बाणवै होइ अर जो चौसठिमैंस्यों एक घटाईए बधाईए तौ तिस प्रमाणमैंस्यौ एकसौ अठाईस घटैं बधैं। अर एकसौ अठाइसमैंस्यों एक घटाए बधाए चौसठि घटैं बधैं। बहुरि जैसें च्यारि सोलह चौसठि दोय ऐसैं गुण्य गुणकार होइ तिनकों परस्पर गुणें इक्यासीसै बाणवै होइ। बहुरि जो सोलहमें एक घटाए बधाए अन्य राशि च्यारि चौसठि दोय इनकों परस्पर गुणें जितने होइ तितने घटैं बधैं। बहुरि एक घटाए बधाए जेता प्रमाण घटै बधै तहां आधा आदि वा दोय आदि घटाए बधाए तिस प्रमाणतैं आधा आदि

वा दूणा आदि प्रमाण घटै बधै ऐसा जानना। ऐसैं और भी विशेष अनेक प्रकार हैं। ते यथासंभव जानने। बहुरि भाग देइ प्रमाण ल्यावनेका नाम भागहार है। जैसैं प्रकृति विषैं टकानिके रुपैये करिए। बहुरि राशिके घट करनेकी पद्धति है। सो भाग हार रूप जाननी। जैसे दोयसैका आठ बट कीए पचीस पाया तहां दोयसैकों आठका भाग हार जानना अर जाकों भाग दीजिए ताका नाम भाज्य है वा हार्य है। जाका भाग दीजिए ताका नाम भाजक वा हार वा भागहार इत्यादि कहिए हैं। बहुरि भाग दीए राशिका नाम भक्त वा भाजित इत्यादि कहिए। बहुरि लिखनेमें भाज्यकों ऊपर लिखिए भाजककों ताके नीचैं लिखिए। जैसैं इक्यासीसै बाणवैका चौसठिका भागकों ऐसैं लिखिए [illegible]। अब याका विधान कहिए हैं—भाज्य राशिके अंतादिक जेते अंकनिकरि भाजक राशितैं प्रमाण बधता होइ तितने अंकरूप राशिकों भाजकका भाग दीजिए। बहुरि जिस अंक करि भाजककों गुणैं जाकों भाग दीया था तामैं घटाइ अवशेष तहां लिख दीजिए अर वह पाया अंक जुदा लिखिए। बहुरि जेते भाज्यके अंक रहे तिनके अंतादि अंकनिकों तैसैं ही भाग देइ जो अंक आवै ताकों तिस पाया अंकके आगैं लिखिए। ऐसैंही यावत्‌सर्व भाज्यके अंक निःशेष होइ तावत् विधान करै तहां पाए अंकनिकरि जो प्रमाण आवै सो तहां भाग दीए जो राशि भया ताका नाम लब्धराशि है ताकर प्रमाण जानना। इहां उदाहरण। इक्यासीसै बाणवैकों चौसठिका भाग दीया [illegible] तब याकों दोय आदि अंक करि गुणें तौ बहुत प्रमाण होइ तातैं एक करि गुणें चौसठि हूवा ताकों इक्यासीमैं घटाय तहां सतरह लिख्या अर पाया अंक एका जुदा बहुरि वह राशि ऐसा १७९२ भया तहां आदि तीन अङ्क करि एकसौ गुण्या भाजकतैं बधता प्रमाण होइ ताकों चौसठिका भाग दीजिए [illegible] तब तीन आदिकरि ताकों गुणें जो बधता प्रमाण होइ तातैं भाजककों दोय करि गुणें एकसो अठाईस होय सो घटाए तहां इक्यावन रह्या सो लिख्या अर पाया अंक दूवा तिस एकाके आगैं लिख्या। बहुरि वह राशि ऐसा ५१२ भया ताकों चौसठिका भाग दीजिए [illegible] तहां ताकों आठ गुणा कीएं पांचसै बारह होइ सो भाज्यमैंस्यौं घटाए राशि निःशेष होइ अर पाया अंक आठ तिस दूवाके आगैं लिख्या ऐसैं पाया अंकनिकरि लब्धराशि एकसौ अठाईस होइ ऐसैं ही अन्यत्र जानना। बहुरि जहां भाग टूटि जाय भाजककों किसी अंक करि गुणें भाज्यके अंक आये पहलैं ही अंक निःशेष होइ जाय तहां अंक घटनेनैं भाग टूट्या कहिए सो जहां भाग टूटै तहां पाया अंकके आगैं बिंदी लिखि बहुरि तैसैं विधान करना। जैसैं छह हजार च्यारिसै चोईसकों आठका भाग दीया [illegible] तहां चौसठिकों आठका भागदीएं आठ पाया सो आठकों आठकरि गुणें चौसठि होइ सो चौसठिमैं घटाएं निःशेष भया तहां पाया अंक आठके आगैं बिंदी लिखि बहुरि चौईसकों आठका भाग दीएं तीया पाया सो लिख्या तब लब्धराशिका प्रमाण आठसै तीन आया। ऐसैं ही अन्यत्र जानना। बहुरि कहीं भाग देने भाज्यराशि निःशेष न होइ कि अवशेष रहिजाय तहां लब्धराशि प्रमाणके आगैं अवशेषकों भागहारकर भाग लिख देना। जैसैं इक्यासीसै चौराणवैकों चौसठिका भाग दीया [illegible] तहां

दूणा करि तहां आठ छठा भाग मिल्या ८/६ । २/६ या विषैं दोय छठा भाग मिल्याएं दश छठा भाग तिनका जोड भया । याका दोय करि अपवर्तन कीएं पांच तीसरां भाग प्रमाण हो हैं । अथवा छह हारनिकौं आधा कीएं तीन हार होइ तब समान छेद होइ तातैं छह हारनिकौं अर याके दोय अंशनिकौं आधा करि तहां एकका तीसरा भाग लिख्या ४/३ । १/३ याकौं च्यारि तीसरा भाग विषैं मिलाएं पांच तीसरा भाग मात्र प्रमाण आया । बहुरि हजार चवालीसवां भाग विषैं दोयसै बाईसवां भाग पचीस ग्यारहवां भाग घटावना होय १०००/४४ । २००/२२ । २५/११ तहां बाईसकौं दूणा कीए ग्यारह, ग्यारहकौं चौगुणा कीएं समान छेद होइ। तातैं दोयसै अंश अर बाईस हार इनके दूणे कीए च्यारिसै चवालीस भाग भए अर पचीस अंश ग्यारह हार इनकौं चौगुणे करिए सब चवालीस भाग भए १०००/४४ । ४००/४४ । १००/४४ बहुरि च्यारिसै अर सब जोडें पांचसै भए सो हजारमें घटाएं अवशेष राशि पांचसै चवालीसवां भाग हो है । ऐसैं ही अन्यत्र जाननां । इहां इतनो जाननां । अंश अर हार इन दोऊनिकौं समान प्रमाण करि गुणें समानका भाग दीएं जेतेका तेताही प्रमाण रहै है । जैसैं जो पंद्रह आठवां भागका प्रमाण सोई दोयसै सत्तरि एकसौ चवालीसवां भागका प्रमाण है । दोऊ जायगा अष्टमांश करि हीन दोय प्रमाण हैं । इहां अंश अर हारनि विषैं दोऊनि विषैं अठारहका गुणाकार वा भागहार है । बहुरि समान छेद करनेका प्रयोजन यहु है सो समान छेद भए पीछैं समानरूप अंश होइ जाय तहां पीछैं अंशनिकौं अंशनि विषैं मिलावना होइ तौ जोड दीजे । घटावना होइ तौ घटा दीजे । बहुरि जहां कोई राशिकै हार न होय तहां हारका प्रमाण एक कल्पना । जातैं ऐसा कह्या है 'कल्प्यो हरो रूपमहाररारोः' जैसैं दश अर पांच तृतीय भागका समछेद करनां होइ तहां दशके नीचैं एकका हार लिखना १०/१ । ५/३ बहुरि पूर्वोक्त विधान कीएं तिनका जोड पैंतीस तृतीय भाग आया । अर दश विषैं पांच तृतीय भाग घटाएं अवशेष पचीस तृतीय भाग प्रमाण आवै है । बहुरि जहां ऐसी राशि गुणकारादि विधान विषैं होइ तहां पहलैं ऐसैं विधान करि पीछैं गुणनादि करनां । जैसैं गुणकारादि विषैं कोई राशि एकका सोलहवां भाग अधिक पंद्रह प्रमाण होइ तहां समच्छेद विधानतैं पंद्रह विषैं एकका सोलहवा भाग जोडें दोयसै इकतालीसका सोलहवां भाग हो है सो तहां स्थापि गुणनादि करनां। बहुरि भिन्न गुणकार विषैं गुण्य गुणकारकौं अंशनिका अंशनि करि अर हारनिका हारनि करि गुणन करनां । जैसैं पंद्रह आठवां भागका पाच तृतीय भाग करि गुणना होइ १५/८ × ५/३ तहां पंद्रह अंशनिकौं पाच अंश करि गुणें पिचहत्तरि अंश होइ अर आठ हारकौं तीन हार करि गुणें चौईस हार होइ ऐसैं तिनका गुणन कीएं पिचहत्तरि चौईसवां भाग आया । बहुरि एक हजारकौं दोय तृतीय भाग तीन दशवां भाग करि गुणनां होइ तहां एक हजारकै भाग हार नाहीं हैं तातैं तहां एक भागहार करि १०००/१ । २/३ । ३/१० तहां अंशनिकौं अंशनिकरि हारनिकौं हारनि करि परस्पर गुणन कीएं छह हजारका तीसवां भाग आया दोयसै है । बहुरि एकका तृतीय भागकौं एकका अष्ट भाग करि गुणना होइ तहां पूर्वोक्त विधानतैं एकका चौईसवां भाग प्रमाण आवै है । इहां इतना जाननां एकतैं हीन करि गुणन कीएं गुण्य राशिका प्रमाणतैं घटता प्रमाण

आवै है। बहुरि जैसें एकका चौथा भाग अधिक दोयकों पांच करि गुणनां होइ तहां समछेद विधानतैं दोय विषै एकका चौथा भाग जोड़ें इग्यारीका चौथा भाग भया अर पांचके भाग हार नाहीं है। तहां एक भाग हार कल्पि पूर्ववत् गुणन कीएं ग्यारिसें पांचका चौथा भाग प्रमाण हो है। ऐसें ही अन्यत्र जाननां। बहुरि भिन्न भाग हार विषै भाज्यके अंश हार होंइ तिनकों तौ तैसें ही रखिए अर भाजकके अंश हार होंहि तिनकों पलटि दीजिए। अंशनिकों हार कीजिए अर हारनिकों अंश कीजिए। ऐसें स्थापि अंशनिकों अंशनि करि अर हारनिकों हारनि करि गुनिए यौं करते जो प्रमाण आवै सो लब्ध राशि जाननां। जैसें पिचहत्तरि चौईसवां भागकों पांच तृतीय भागका भाग देना ७५।५ २४।३ तहां भाजकके पांच अंशनिकों हार कीजिए अर तीन हारनिकों अंश कीजिए ७५।३ २४।५ बहुरि अंशनिकों अंशनि करि अर हारनिकों हारनि करि गुणन कीजिए तब दोयसै पचीसकों एक सौ बीसका भाग आया। तहां पंद्रह करि अपवर्तन कीएं पंद्रह आठवां भाग प्रमाण लब्धराशि आवै है। बहुरि दोयसैकों दोय तिहाई अर तीन दशव भागका भाग देनां २००।२।३ १।३।१० तहां पूर्ववत् दोऊ भाजकनिके अंशहारानिकों पलटनां अर दोय सैके हार है नाहीं तातैं तहां एक हार कल्पनां २००।३।१० १।२।३ ऐसैं स्थापि अंशनिका अंशनि करि हारनिका हारनि करि गुणन कीए छए हजारका छठा भाग आया सो एक हजार लब्धि राशि जाननां। बहुरि जैसें एकका चौईसवां भागकों एकका आठवां भागका देनां १।१ २४।८ तहां पूर्ववत् भाजकके अंशहार पलटि १।८ २४।१ गुणन कीएं आठका चौईसवां भाग हो है। बहुरि इहां आठ करि अपवर्तन कीएं एकका तृतीय भाग मात्र लब्धराशि हो है। इहां इतनां जाननां एकतैं घाटिका भाग दीएं भाज्य राशितैं लब्धराशिका प्रमाण बहुत आवै है। बहुरि जैसें दोयसैकों सात सोलहां भाग अधिक सोलहका भाग देना होइ तहां दोयसैके नीचें भागहार नाहीं तातैं तहां एक भागहार कल्पना अर सात सोलहां भागकों सोलह विषै समछेद विधानतैं जोड़ें दोयसै तरेसठिका सोलहां भाग भया सो लिखनां २००।२६३ १।१६ बहुरि भाजकके अंशहार पलटि पूर्ववत् गुणन कीएं बत्तीससैंकों दोयसै तरेसठिका भाग आया सो लब्धराशि जाननां। ऐसैं ही अन्यत्र जाननां। बहुरि भिन्नवर्ग विषै जेतेका वर्ग करनां होइ ताका अंश अर हार दोऊ दोय जायगा मांडि गुणकारवत् अंशनिकों अंशनिकरि हारनिकों हारनि करि गुणन करनां जैसें पचीस छठा भागका वर्ग करना तहां तिस प्रमाण दोय राशि मांडि २५।२५ ६।६ अंशनिकों अंशनिकरि हारनिकों हारनि करि गुणन कीएं छसै पचीसका छत्तीसवां भाग भया ताका तेरह छत्तीसवां भाग अधिक सतरह प्रमाण वर्ग भया १७।१३ ३६ बहुरि एकका आठवां भागका वर्ग करना १।१ ८।८ तहां पूर्ववत् विधान कीएं ताका वर्ग एकका चौसठिवां भाग हो है। बहुरि दोयका आठवां भाग अधिक तीनका वर्ग करनां तहां समछेद करि तिनकों जोड़ें छब्बीसका आठवां भाग भया ताका पूर्ववत् विधान कीएं छसै छिहत्तरिका चौसठिवां भाग भया ऐसैं ही अन्यत्र जाननां। बहुरि भिन्न घनविषै जेतेका घन करना होइ ताका अंश अर हार दोऊ तीन जायगा स्थापि गुणकारवत् अंशनिकों अंशनिकरि हारनिकों हारनि करि गुणन करना। जैसें पचीसका चौथाईका घन करनां होइ त

तीह प्रमाण तीन राशि स्थापि ३।३।३ अंशनिकौं अंशनिकरि हारनिकौं हारनिकरि गुणें तेरह हजार छसै पचीसका चौसठिवां भाग प्रमाण घनराशि हो है। १३६२५/६४ बहुरि एकका आठवां भागका घन कीएं १।१।१ पूर्ववत् विधानतें एकका पांचसै बारह्वां भागमात्र १/५१२ घनराशि हो है। बहुरि चतुर्थ भाग अधिक दोयका घन करनां। तहां समछेद करि जोडें नवका चतुर्थ भाग भया ताका पूर्ववत् घन कीएं ९।९।९ सातसै गुणतीसका चौसठिवां भाग मात्र ताका घन भया। ऐसैं ही अन्यत्र जाननां। बहुरि भिन्न वर्गमूल विषैं जाका वर्गमूल करना होइ ताके अंशनिका वर्गमूल काढें जो प्रमाण आवै सो तौ ताके वर्ग मूलविषैं अंश जाननां। अर हारनिका वर्गमूल काढें जो प्रमाण आवै सो तहां हार जाननां। इहां भी वर्गमूल काढनेविषै विषम समकी सहनानी करि अंत विषम विषैं वर्ग घटावनां इत्यादि पूर्वं विधान कह्या सोई जाननां। जैसैं छसै पचीसका छत्तीसवां भागका ६२५/३६ वर्गमूल करना तहां पूर्ववत् विधान कीएं छसै पचीस अंशनिका वर्गमूल पचीस सो तौ अंश अर छतीसका वर्गमूल छह.सो हार ऐसैं ताका वर्गमूल पचीस छठा भाग मात्र २५/६ आवै है। बहुरि जहां राशि निःशेष न होय तहां अवशेषके अंश करने जैसैं दोयसैका छठा भागका वर्गमूल करना होइ तो पूर्वोक्त विधानतें दोयसैका वर्गमूल चौदह अर किंचिदून च्यारिका अठाईसवां भागमात्र आवै है। तहां अपवर्तन कीएं एकका सातवां भाग मात्र भया ९९।१ इहां समछेद करि जोडें किंचिदून निन्याणवैका सातवां भाग मात्र आया सो ९९/७ तौ अंश जाननां अर छहका वर्गमूल किंचिदून दोय अर दोयका चौथा भाग आवै है। इहा भी अपवर्तन करि अर समछेदतें जोडै पाचका दोय भाग मात्र आवै है सो हार जाननां ५/२ अर इहा निन्याणवैका पांच अर सात दोऊ हार भए तातैं तिनकौं परस्पर गुणें पैंतीस तौ हार हूवा अर भागहारका भागहार राशिका गुणकार होइ इस न्याय करि निन्याणवैकौं दोय करि गुणें एक सौ अठ्याणवै अंश हूवा। ऐसैं तिस राशिका वर्गमूल किंचित ऊन एकसो अठ्याणवैका पैंतीसवां भागमात्र हो है। १९८/३५ ऐसैं ही अन्यत्र जाननां। बहुरि भिन्न घनमूल विषैं जाका घनमूल काढना होइ ताके अंशनिका घनमूल कीए जो प्रमाण आवै सो तो ताके घनमूलके अंश अर हारनिका घनमूल कीए जो प्रमाण आवै सो तहां हार जाननें। इहां भी घनमूल काढनेका विधान पूर्वै जैसैं घन अघनकी सहनानी करि अंत घनस्थानतैं घन घटावनां आदि विधान कह्या था सोई जाननां। इहां उदाहरण–जैसैं च्यारि हजार छिनवैका सताईसवां भागका घनमूल काढना होइ ४०९६/२७ तहां पूर्वोक्त विधानतैं च्यारि हजार छिनवै अंशनिका घनमूल काढें सोलह आए सो तो अंश अर सत्ताईसका घनमूल काढें तीन हार भए ऐसैं ताका घनमूल सोलहका तृतीय भागमात्र आया १६/३ बहुरि जहां राशि निःशेष न होइ तहां अवशेष विषैं अंश कल्पना जैसैं वर्गमूल विषैं कही थी तैसैं इहां यथा संभव करना। या प्रकार भिन्न परि कर्माष्टक जानना॥ अब शून्य परिकर्माष्टक कहिए हैं। इहा बिंदीका संकलनादि जाननां तहां संकलन विषैं अंक अर बिंदीका जोड दीए अंक ही रहै कछू बधै नाहीं। जैसैं पचावन विषैं दश जोड़े एकस्थानीय पाचा विषैं बिंदी जोडें पाच ही रह्या अर दशस्थानीय पांचा अर एका जोडें छह भया ऐसैं पैंसठि हो है। अर बिंदी विषैं बिंदी जोडें बिंदी ही रहै

जैसें दशें विषै बीस जोडिए तहा एकस्थानीय बिंदीविषै बिंदी जोडे बिंदी होइ। अर दशस्थानीय एक अर दोय जोडें तीन होइ ऐसें तिनका जोड तीस हो है। बहुरि व्यवकलन विषै अंक विषै बिंदी घटाएं अंक ही रहै। कछु घटै नाहीं जैसें पैंसठि विषै दश घटाएं एकस्थानीय पांचा विषै बिंदी घटै पांच ही रहा अर दशस्थानीय छका विषै एक घटै पांचा भया ऐसें अवशेष पचावन रहे हैं। बहुरि बिंदी विषै बिंदी घटाएं बिंदी रहै है। जैसे तीस विषै दश घटाएं एकस्थानीय बिंदी विषै बिंदी घटाएं बिंदी रहै। अर दशस्थानीय तीन विषै एक घटाएं दूवा रह्या अवशेष बीस रहै है। बहुरि गुणाकार विषै बिंदीकों अंक करि वा अंककों बिंदी करि गुणें बिंदी ही हो है। जैसें पचासकों पांचकरि गुणना ५०।५। तहां गुण्यका अंत अंक पांचनाकों गुणाकार पांच करि गुणें पचीस भया अर ताके आगें बिंदीकों पांचकरि गुणे बिंदी भई ऐसें दोयसै पचास भया। अथवा जैसें पांचकों बीस करि गुणना ५।२०। तहां दूवा करि पांचकों गुणे दश भया अर आगें बिंदी करि पांचकों गुणें बिंदी भई ऐसें एक सौ हूवा। बहुरि बिंदीको बिंदीकरि गुणें बिंदी ही होइ। जैसें बीसकों तीस करि गुण्या तहां दूवाकों तीस करि गुणें साठि हूवा। अर बिंदीकों गुणें बिंदी भई सो आगैं लिखी ऐसें छसैं भया। बहुरि गुण्यराशि अर गुणकार राशि-निके आगैं बिंदी होइ तौ तिन सर्व बिंदीनकों मिलाय करि आगैं लिखिए अर जे अवशेष गुण्य गुणकारनिके अंक रहे तिनकों परस्पर गुणें जो प्रमाण आवै ताकों तिन बिंदीनिके पीछै लिखिए। ऐसें गुणित राशि आवै है। जैसें बीस अर पांचसै इनका गुणन करना २०×५०० तहां दोऊ राशिकी एक दोय बिंदी मिलाएं तीनं बिंदी भई सो आगे लिखी। अर दूवा पांचकों परस्पर गुणें दशभया सो तिनके पीछै लिख्या ऐसें गुणित राशि दश हजार प्रमाण आया। बहुरि जैसें आठ अर दोयसै अर पंद्रह लाख परस्पर गुणन करना ८×२००×१५०००००। तहां इनकी बिंदी मिलाएं सात बिंदी भई सो आगैं लिखी अर अंकनिकों परस्पर गुणे दोयसै चालीस हूवा सो पीछै लिख्या। ऐसें दोयसै चालीस कोडि प्रमाण गुणित राशि हो है। ऐसें ही अन्यत्र जानना। बहुरि भागहारविषै बिंदीकों अंकका भाग दीएं बिंदी ही होइ। जैसे पचासकों पांचका भाग दीया ५० तहां भाज्य राशिका पांचकों पांचका भाग दीए एका पाया सो लिख्या बहुरि ताके आगैं बिंदीकों पांचका भाग दीएं बिंदी होइ सो लिखी ऐसे लब्ध राशि दश आवै है। बहुरि अंककों केवल बिंदीका भाग दीएं अवक्तव्य प्रमाण है। जातैं एकतैं घटता प्रमाणका भाग दीएं लब्धराशि भाज्य राशितैं बधता होइ सो एकका लाखवां भागका भाग दीएं लब्धराशि भाज्य राशितैं लाख गुणा होइ। एककों कोडिवां भागका भाग दीएं कोडि गुणा होइ। ऐसे भागहार घटतैं लब्धराशि बधता होता जाय। जहां बिंदीका भाग दीया तहां भागहार अवक्तव्य-पनैं घटता भया तहां लब्धराशिका प्रमाण अवक्तव्य हो है। याकों खहर कहिए। या कहिए बिंदी सो है हर कहिए भागहार जाका ऐसा यहु राशि ताका कहिए। बहुरि बिंदीकों बिंदीका भाग दीएं बिंदी ही आवै है याका उदाहरण आगैं धर्मभूत पाकूनके बरणनविषै लिख्या है सो जानना। बहुरि जहां भाज्य वा भागहार राशिके आगैं बिंदी होय तहां जेती बिंदी भागहारके आगैं होय

तितनी बिंदीनका अपवर्तन करना । जैसैं बारह हजारको आठसैका भाग होइ [illegible] तहां दोय बिंदीनिका अपवर्तन कीएं एकसौ बीसकौं आठका भाग रह्या तहां लब्ध राशि पंद्रह आवै है ऐसें ही अन्यत्र जानना । बहुरि वर्ग अर घनविषैं गुणकारवत् विधान जानना । जातैं दोय जायगा समान राशि मांडि परस्पर गुनन कीएं वर्ग हो है । तीन जायगा राशी मांडि परस्पर गुनन किएं घन होइ है । जैसैं दोयसै एकका वर्ग चालीस हजार च्यारसै एक हो है, बहुरि एकसौ एकका घन दशलाख तीस हजार तीनसै एक हो है । बहुरि जिस राशिके आगैं बिंदी होय तिस राशिका वर्ग करना होय तौ अंकनिका वर्ग करि आगैं जेती बिंदी थी तिनतैं तिगुना बिंदी लिख देनी । जैसैं दोयसैका वर्ग करना होय तहां दोयका वर्ग च्यारि लिखि आगैं दोयतैं दूणी च्यारि बिंदी लिखनी अर तिनका घन करना होय तौ दोयका घन आठ लिखि आगैं दोयतैं तिगुनी छह बिंदी लिखनी । ऐसैं ही अन्यत्र जानना । बहुरि वर्गमूल अर घनमूल विषैं पूर्वैं जैसैं सहनानी करि वर्गमूल घनमूल काढनेका विधान कह्या था सोई जानना । इहां जहां बिंदीकौं अंकका भाग [illegible] तहां बिंदी लिखि देना । जैसैं चालीस हजार च्यारिसै एकका वर्गमूल काढना होइ तहां [illegible] अंक [illegible] चौकाका मूल दोय लिख्या ताके आगैं सम बिंदी ताकौं पाया अंक दोय ताकौं [illegible] चौकाका भाग दीएं बिंदी पाई बहुरि इस बिंदीका वर्ग बिंदी ताकौं च्यारिमैं घटाएं [illegible] बहुरि अवशेष चौका सहित अविषम सम चालीस ताकौं जुदी पंक्ति विषैं [illegible] [illegible] दूणे [illegible] भाग दीएं एका पाया बहुरि अवशेष एका रह्या तिस विषैं एकका वर्ग [illegible] निःशेष भया । ऐसैं ताका वर्गमूल दोयसै एक हो है । बहुरि जैसैं दशलाख तीस हजार [illegible] एकका घनमूल काढना [illegible] तहां अंतधन एकका घनमूल एका लिखि एका दूरि [illegible] ताकौं पाया अंक एकाका वर्गतैं तिगुणा तीन ताका भाग दीएं बिंदी पाई [illegible] बहुरि ताके आगैं अघन [illegible] ताविषैं पाई जो बिंदी ताकौं [illegible] बिंदी [illegible] ताकौं तिगुणा किए [illegible] बिंदी ताकौं घटाएं [illegible] [illegible] । बहुरि इस अवशेष सहित आगैं घन [illegible] पाई बिंदी ताका घन [illegible] [illegible] । बहुरि इस सहित अविषम अघन तीनतैं [illegible] ताकौं जुदी पंक्ति [illegible] [illegible] तिगुणा [illegible] ताका भाग दीएं एका आया सो दशके आगैं [illegible] । बहुरि इस अवशेष सहित अविषम अघन [illegible] [illegible] तिगुणा [illegible] । बहुरि [illegible] आगैं घन [illegible] पाया अंक एकका घन एक [illegible] [illegible] घनमूल [illegible] हो है । बहुरि [illegible] वर्गमूल वा घनमूल [illegible] वर्गमूल [illegible] घनमूल [illegible] [illegible] घनमूल काढना [illegible] घनमूल [illegible]

हूवा आगै लिखनी । ऐसैं दोयसै वर्गमूल आया । बहुरि सत्ताईस हजारका घनमूल काढना होइ तहां घनमूल काढें तीया पाया अर सत्ताईस निःशेष हुवा । आगैं तीन बिंदी थी ताकी तिहाई एक बिंदी तीयाके आगैं लिखनी ऐसैं घनमूल तीस आया सो पूर्व विधानतैं भी ऐसैं ही सिद्ध हो है । परंतु सुगमताके अर्थि एक यहु भी विधान कह्या है। ऐसैं ही अन्यत्र जानना । या प्रकार शून्य परिकर्माष्टक कह्यौ ॥

बहुरि अज्ञात राशि आदि जाननेके अनेक विधान गणित ग्रंथ विर्षे हैं सो इहां विशेष प्रयोजन न जानि न कह्या । बहुरि त्रैराशिकका स्वरूप इस शास्त्र विर्षे प्रयोजन भूत जानि कहिए है । तहां प्रमाण फल इच्छा ए तीन राशि जानने । जिस प्रमाण करि जो फल निपजै सो तौ प्रमाण राशि अर फल राशि हैं । बहुरि जितनी अपनी इच्छा होइ ताका नाम इच्छा राशि है । इहां प्रमाण राशि इच्छा राशिकी तौ एक जाति है । अर फल राशिकी अन्य जाति है । सो ऐसैं ए तीन राशि स्थापि तिन विर्षे फल राशिकौं इच्छाराशि करि गुणिए बहुरि ताकौं प्रमाण राशिका भाग दीजिए जो प्रमाण आवै सो इहां लब्ध प्रमाण जानना । फल राशिकी अर इस लब्ध राशिकी एक जाति जाननी । इहां उदाहरण । जैसैं च्यारि हाथके छिनवै अंगुल होयं तौ दश हाथके केते अंगुल होयं । ऐसैं त्रैराशिक किया । इहां प्रमाण राशि हाथ च्यारि अर अर फल राशि अंगुल छिनवै अर इच्छा राशि हाथ दश । तहां दशकौं छिनवै करि गुणि च्यारिका भाग दीएं दोयसै चालीस अंगुल लब्ध राशि भया । बहुरि जैसैं तिहाई अधिक पंद्रह रुपैयानिका सवा पचीस मण अन्न आवै तौ आध पाव दश रुपैयोंका केता आवै इहां भिन्न गणित आश्रयतैं अंशनिकौं जोडें प्रमाण राशि छियालीसका तीसरा भाग फल राशि एकसौ एकका चौथा भाग इच्छा राशि इक्यासीका आठवां भाग प्र. $\frac{46}{3}$ । फ. $\frac{101}{4}$ । इ. $\frac{81}{8}$ इहां भिन्न गणित विधानतैं फलकौं इच्छा करि गुणें आठ हजार एकसौ इक्यासीका बत्तीसवां भाग भया याकौं प्रमाणका भाग दीएं चौईस हजार पांचसै तियालीसकौं चौदहसै बहत्तरिका भाग आया । ताका सोलह अर किंचिदून दोय तिण मात्र प्रमाण आया । ऐसैं ही अन्यत्र जानना । बहुरि जहां जिस राशिका प्रमाण वधै फल थोरा होइ प्रमाण घटै फल बहुत होइ तहां व्यस्त त्रैराशिक हो है । इहां प्रमाण राशिकौं फल करि गुणि इच्छाका भाग दीएं लब्ध राशिका प्रमाण हो है । जैसैं जिस वस्तुका दोय वरस पुराणीका सौ रुपैया आवै तो दश वरस पुराणीका केता रुपैया आवै । इहां प्रमाण राशि दोयकौं फल राशि सौ करि गुणि इच्छा राशि दशका भाग दीएं बीस रुपैया आवै सो लब्ध-राशि जानना । ऐसैं ही अन्यत्र जानना । बहुरि पांच राशि समराशि आदि विर्षे प्रमाणराशि संबंधी दोय तीन आदि राशि होय सो तो एक तरफ नीचैं नीचैं लिखिए अर वाहीके नीचैं फल राशि लिखिए । अर इच्छा राशिसम्बन्धी दोय तीन आदि राशि होइ सो दूसरी तरफ लिखिए । बहुरि प्रमाणका फल राशि होइ ताकौं इच्छा राशिकी तरफ लिखि दोऊ तरफ जे राशि होइं तिनका जुदा परस्पर गुणन करि बहुत प्रमाणकौं स्तोक प्रमाणका

१

भाग दीएं जो प्रमाण आवै सो इच्छा राशिका फलभूत लब्धराशि जाननां। इहां उदाह जैसें एक मास विषै सौ रुपैयोंका दोय रुपये व्याज आवै तौ पांच मासविषैं दोयसै पैंसठि योंका कितना व्याज आवैं। ऐसे पंचराशिक भया। तहां एक अर सौ तौ प्रमाण राशि त एक तरफ लिखै अर ताके नीचैं दोय फलराशी लिखै अर पांच दोयसै पैंसठि इच्छाराशि एक तरफ लिखै। १०० । २६५ बहुरि फलराशिकों तहांतैं दूसरी इच्छाकी तरफ लिखै १०० २६५ बहुरि परस्पर दोऊनिकों जुदे जुदे गुणें एक तरफ सौ भये एक तरफ छब्बी पचास भए। बहुरि बहुत राशिकों तुच्छ राशिका भाग दीएं साढा छब्बीस रुपैया आए इच्छा राशिका फलभूत लब्धराशि जाननां। बहुरि जो प्रमाणादि अंश अर हाररूप होइ तौ पूर्ववत् फल राशिकों पलटि पीछैं दोऊ तरफके हारनिकों परस्पर पलटि दीजिए। बहुरि दोऊ फके जुदे जुदे हार अंश होहिं तिनौ परस्पर करि गुणि बहुत राशिकों अल्पराशिका दीएं। लब्ध राशिका प्रमाण आवै है। इहा उदाहरण। जैसे—सवामास विषैं साढा रुपैयोंका आधा रुपैया व्याज आवै तौ साढा छह महीना विषैं सवाबारह रुपैयौंका व्याज आवै। इहां भिन्न गणिततै अंश अंशनिकों मिलाएं प्रमाणराशि पांचका चौथा अर पंद्रहका दूजा भाग भया फलराशी एकका दूजा भाग है इच्छा राशि तेरहका दूजा अर गुणचासका चौथा भाग भया। सो ऐसैं लिखि ५/४।१५/२।१/२।१३/२।४९/४ फलराशिकों पलटि हारनि पलटैं ऐसा भया ४/५।२/१५।२।१३/२।४९/४।१ बहुरि अंश हारनिका गुणन कीएं एक तरफ तौ बारहसै आए। एकतरफ पांच हजार छिनवै आया। बहुरि बहुत राशिकों अल्प राशिका भाग दीएं किं ऊन सवा च्यारि रुपैया लब्धराशि आया ऊनका प्रमाण एकका तीनसै भाग कीजै तामें एक भा मात्र जाननां। ऐसैंही अन्यत्र जानना। बहुरि इसही विधानतैं सप्तराशिक नवराशिक ए दशराशिक हो है। सो इहां विशेष प्रयोजन न जानि नाहीं लिखें हैं। बहुरि मिश्रक व्यवहार विशेष प्रयोजन इहां नाहीं लिख्या हैं। कहीं प्रयोजन आवैगा तो तहां हीं वर्णन लिखैंगे॥

बहुरि श्रेढी व्यवहार लिखिए है। जहा अनेक राशिनि विषैं समानरूप वधता व घट प्रमाण होइ अथवा गुणकार होइ तहा श्रेढी व्यवहार गणितका विधान हो है। जैसें आ विषैं पांच अर स्थान प्रति च्यारि च्यारि वधता वा घटता होइ अथवा च्यारिका गुणाकार हो ऐसैं दशस्थान होइ तहां आदि श्रेढी व्यवहार गणितका विधान हो है तहा संज्ञा कहिए है जो आदि विषैं प्रमाण होइ ताका नाम आदि हैं वा मुख है वा प्रभव है। बहुरि अंत ि प्रमाण होइ ताका नाम अंत है वा भूमि है। बहुरि स्थान स्थान प्रति जितना वधै या ताका नाम चय है वा उत्तर है। बहुरि जो स्थान स्थान प्रति गुणकार होय तौ जेता गुणकार होय ताका नाम उत्तर हैं वा गुण है। बहुरि चयकरि वधता या घटता अथवा गुण कारूप जेते सादिगत स्थान होइ ताका नाम पद है या गच्छ है। बहुरि सर्व स्थाननिकै जोड़का नाम सर्वधन है वा पदधन है। बहुरि चयनिकों जुदे राशि आदि स्थान प्रमाण सर्व स्थान स्थान जिनका जोड़का नाम आदि धन है। बहुरि सर्व चयनिकों जोड़ें जो प्रमाण होय


ताका नाम धनधन है वा उत्तरधन है। बहुरि मध्यस्थान विषैं जेता प्रमाण होइ ताका नाम मध्यधन है। इत्यादि ऐसैं संज्ञा जाननी। बहुरि अनेक प्रमाण जाननेके साधनभूत करणसूत्र गणित शास्त्रनि विषैं कहे हैं तहां जानने। अर इस शास्त्र विषैं जाका प्रयोजन आवैगा ताका करणसूत्र इन शास्त्र ही विषैं लिखे हैं। तातैं जहां प्रयोजन आवे तहां ही तिनकौं जानि लैने। बहुरि क्षेत्र व्यवहार कहिए है। इस शास्त्र विषैं क्षेत्रका अधिकार है तातैं क्षेत्रव्यवहारका ज्ञान अवसि चाहिए। तहां प्रथम संज्ञा कहिए है। लंबाई चौडाई उचाई इन तीनों विषैं जहां एक ही की विवक्षा होइ दोयकी न होइ तहां सूची क्षेत्र कहिए। बहुरि जहां दोयकी विवक्षा होइ एककी न होइ तहां प्रतरक्षेत्र कहिए वा वर्गरूप क्षेत्र कहिए। बहुरि जहां तीनोंकी विवक्षा होइ तहां खात क्षेत्र कहिए वा घन क्षेत्र कहिए। ऐसैं तीन प्रकार क्षेत्र कह्या। तिनमैं सूची क्षेत्र विषैं तौ आकारादि विशेष वा क्षेत्रफलादिक विशेष हैं नाहीं। जेता लंबाईका प्रमाण सोई तिस सूची क्षेत्रका प्रमाण है। जैसैं--पचीस हाथ डोरि कहिए। बहुरि प्रतर क्षेत्र विषैं आकार विशेष है सो कहिए है। तीन च्यारि कूणे जिनमैं पाईए तिन क्षेत्र-निका क्रमतैं त्रिकोण चतुःकोण नाम जानने। बहुरि एक कोणतैं दूसरा कौण पर्यंत जेता क्षेत्र होइ ताका नाम भुजा है सो त्रिकोण क्षेत्रविषै तीन भुजा हो हैं तातैं ताका नाम त्रिभुज भी कहिए। चतुःकोण विषैं च्यारि भुजा हैं तातैं ताका नाम चतुर्भुज भी कहिए। बहुरि इन भुजनि विषैं काहूका नाम भुज वा काहूका नाम कोटि भी कहिए है। जैसैं त्रिभुज क्षेत्र विषैं एक भुजाकौं कोटि कहिए दोय भुजानिकौं भुज कहिए। चतुर्भुज क्षेत्र विषै सन्मुख दोय भुजानिका नाम कोटि कहिए। अवशेष दोय भुजानिका नाम भुजा कहिए। बहुरि इन त्रिभुज आदि क्षेत्रनिका तिस्र चतुस्र आदि भी नाम है। भाषा विषैं तिंकूटा चौकोर इत्यादि नाम हैं। बहुरि ए त्रिभु-जादिक क्षेत्र अनेक प्रकार हैं। तहां जिस त्रिभुज क्षेत्रकैं दोय भुजा सूधी एक टेढी ऐसी........ होय ताकौं जाति त्रिभुज कहिए। तहां जो यहु टेढी भुजा है ताका नाम कर्ण है वा श्रुति है। जैसैं पांच हाथ ऊंचा वासके उपरितैं सूत्र लगाय तिस वासतैं सात हाथ परैं पृथ्वी विषैं सूत्र स्थाप्या तिस सूत्रका जेता प्रमाण ताका नाम कर्ण जानना। बहुरि जहां एक भुज सूधी दोय टेढी होय तहां........सिंघाडाकासा ऐसा त्रिभुज क्षेत्र होइ। याका मध्यतैं दोय भाग करिए सो दोय जाति त्रिभुज होइ जाय। बहुरि इन तीनौं भुजानि विषैं समान प्रमाण होइ वा अधिक हीन होइ तौ तहां सम विषम संज्ञा यथासंभव जाननी। बहुरि चतुर्भुज क्षेत्र विषैं जहां समान प्रमाण लीएं च्यारौं भुज ऐसैं होइ........ताका नाम सम चतुर्भुज कहिए। बहुरि लंबाई चौडाई विषैं एकका प्रमाण हीन एकका अधिक ऐसा........होइ ताका नाम आयत चतुरस्र कहिए। बहुरि जहां च्यारौं भुजानि विषैं काहूका प्रमाण हीन काहूका अधिक ऐसैं........होइ ताका नाम विषम चतुर्भुज है। बहुरि जिस क्षेत्रके पांच कूणे छह कूणे आदि होइ ताका नाम पंचकोण षट्कोण कहिए। भाषाविषै पच पहलू छह पहलू इत्यादि नाम हैं। तहां पच कोणादि क्षेत्रनि विषैं सम प्रमाण भएं समसंज्ञा विषम प्रमाण भएं विषम संज्ञा इत्यादि संज्ञा जाननी। इन क्षेत्र-

निके गिरदका जो प्रमाण ताका नाम परिधि है। बहुरि जहां गोलाकार लिये क्षेत्र ऐसा होइ। ताका नाम वृत्त क्षेत्र वा गोलक्षेत्र कहिए। तिस क्षेत्र विषै बीचमें जेता प्रमाण ताका नाम इहां विष्कंभ है वा विस्तार है वा व्यास है। बहुरि इसके गिरदका जेता प्रमाण होइ ताका नाम परिधि है। बहुरि जो गोलक्षेत्रके चौगिरदा गोलक्षेत्र ऐसा० होइ तहां याके अभ्यंतर तटतैं बाह्य तटपर्यंत जेता प्रमाण होइ ताका नाम वलय व्यास है। बहुरि अभ्यंतर दोऊ तटनिके बीचि जेता प्रमाण होइ ताका नाम अभ्यंतर सूची व्यास है। अर बाह्य दोऊ तटनिकै बीचि जेता अंतराल ताका नाम बाह्य सूची व्यास है। बहुरि अभ्यंतर तटके गिरदका जो प्रमाण ताका नाम अभ्यंतर परिधि है। बाह्य तटका गिरदका जो प्रमाण ताका नाम बाह्य परिधि है। इत्यादि संज्ञा जाननीं। बहुरि जो धनुषके आकार ऐसा........क्षेत्र होइ ताका नाम धनुषाकार क्षेत्र कहिए वा चापक्षेत्र कहिए तिसक्षेत्र विषै जो सूधा प्रत्यंचावत् लंबाईका प्रमाण ताका नाम जीवा है वा ज्या है। बहुरि तिस जीवाकी एक तरफतैं लगाय दूजी तरफ धनुषकी पीठिवत् आधा गोल क्षेत्रकी परिधि रूप गिरदका प्रमाण ताका नाम धनुःपृष्ट है। बहुरि तिस जीवाकी मध्यतैं लगाय धनुःपृष्टका मध्यवर्त्तपर्यंत बाणवत् सूधा क्षेत्र ताका प्रमाणका नाम बाण है। बहुरि जो जीवाकी चौडाई बहुत होय तौ तिस जीवाकी छोटा तटतैं बड़ातट दोऊ तरफ जितनां जितनां बधता होइ ताका नाम चूलिका है। बहुरि बड़ा तटतैं छोटा तटपर्यंत जेता परिधिका प्रमाणरूप धनुः पृष्ट रूप होय ताका नाम पार्श्वभुजा है। इत्यादि संज्ञा जाननी। बहुरि अन्य अनेक आकार लीएं क्षेत्र हैं तिनका स्वरूप संज्ञादिक गणित शास्त्रनि विषै क्षेत्रव्यवहार विषै कह्या है वा इस शास्त्र विषै जाका वर्णन होइगा ताका तहांही स्वरूप संज्ञादिक लिखेंगे ते जाननें। बहुरि ऐसैं जे ए क्षेत्र हैं तिनिका विवक्षित योजनादिरूप चौडा लंबा खंड कल्पना करि प्रमाण कीजिए ताका नाम क्षेत्र फल है। प्रवृत्ति विषै याका नाम मुकसर करना कहिए हैं। जैसैं च्यारि हाथ लंबा पांच हाथ चौडा क्षेत्र ताका क्षेत्रफल बीसहाथ हूवा। तहां ऐसा भाव जाननां। तिसक्षेत्रके एक हाथ लंबा एक हाथ चौडा ऐसे खंड कीजिए तौ बीस होइ। ऐसैं ही अन्यत्र जाननां। ऐसैं प्रतर क्षेत्रका स्वरूप संज्ञादिक कहे॥ अब घन क्षेत्रका कहिए है। जहां ऊंचाई तथा ओंडाई भी होइ तहां घन क्षेत्रहो हैं ऊंचाई ओंडाईका भाव एक है। नीचेतैं ऊपरकी विवक्षा होइ तौ ऊंचाई कहिए। ऊपर तैं नीचेकी विवक्षा होइ तौ ओंडाई कहिए। सो याका नामा वेध है वा खात है वा उदय है इत्यादि नाम हैं। बहुरि जो याका क्षेत्रफल करिए ताका नाम खात फल वा घन फल जानना। इहां विवक्षित चौडा लंबा ऊंचा खंड कल्पना करि प्रमाण कीजिए। जैसैं च्यारि हाथ लंबा च्यारि हाथ चौडा पांच हाथ ऊंचा क्षेत्रका खात फल अस्सी हाथ होइ तहा ऐसा भाव जाननां। एकहाथ लंबा एक हाथ चौडा एक हाथ ऊंचा ऐसे खंड कीजिए तौ अस्सी होइ। बहुरि जो समभूमि ऊपरि अन्नादिकका राशि करिए ताका क्षेत्रफलको सूची फल कहिए है। बहुरि कोई गिदडीके आकारि क्षेत्र होइ कोई बगडाके आकार होइ इत्यादि घनरूप विषै भी अनेक आकार पाईए है। ऐसे ही और भी संज्ञा स्वरूप जानना। बहुरि जो क्षेत्र अनेक आकार लीए होइ तिसक्षेत्र विषै

संभवते जुदे जुदे आकार कल्पना करने । जैसें ऐसा........आकार रूप क्षेत्र विषैं एक चतुर्भुज एक त्रिभुज........ऐसैं दोय खंड कल्पने बहुरि तिनं खंडनिके जुदे जुदे क्षेत्रफल करि जोडें तिसका क्षेत्रफल हो है । बहुरि कहीं त्रिभुज क्षेत्र विषैं अनेक प्रकार खंड कल्पना करि तिनके क्षेत्रफल करि जोडि तिस क्षेत्रका क्षेत्रफल कहिये है। ऐसें क्षेत्र व्यवहार विषैं केती इक संज्ञा वा तिनका स्वरूप इहां कह्या बहुरि इन विषैं किसीका प्रमाण जानि किसीका प्रमाण जाननेके अर्थि करणसूत्र हो हैं। जैसें त्रिभुजक्षेत्र विषैं भुजकोटि कहि करणं जाननेकौं करणसूत्र कहिए। वा गोल क्षेत्रविषैं व्यास कहि परिधि जाननेकौं करणसूत्र कहिए सर्व विधि क्षेत्रनि विषैं प्रमाण जानि क्षेत्र फल जाननेकौं करणसूत्र कहिए । सो करणसूत्र गणित शास्त्रनि विषैं कहे हैं । अर इस शास्त्र विषैं जिनका प्रयोजन पाईए है ते करणसूत्र इस ही शास्त्र विषैं भी कहे हैं । सो जहां वर्णन होइगा तहां तिनकौं जाननें । ऐसैं क्षेत्र व्यवहार कह्या । या प्रकार कछू गणित वर्णन इहां लौकिक गणित अपेक्षा कीया ॥

बहुरि अलौकिक गणित अपेक्षा अलौकिक गणितनिकी संदृष्टि वा संकलनादिकका संदृष्टिका वर्णन गोमट्टसार शास्त्रकी भाषा टीका विषैं संदृष्टि अधिकार कीया है तहां लिखी है सो तहां तैं जाननी । तहां विशेष प्रयोजन जानि विशेष लिखी है । इहां स्तोक प्रयोजन जानि स्तोकका वर्णन लिखिए है। तहां अलौकिक गणित लिखनेमें ऐसी संदृष्टि जाननी। सामान्यपनै संख्यातकी ऐसी....असंख्यातकी ऐसी....अनंतकी ऐसी ख। विशेषपनैं जघन्य संख्यात दोय ताकी ऐसी २ मध्यम संख्यातकी अनेक प्रकार उत्कृष्ट संख्यातकी ऐसी १५ अथवा ऐसी १६ । इहां जघन्य परीतासंख्यात विषैं एक घटावनेकी ऊपर सहनानी है ऐसैं ही अन्यत्र जानना । बहुरि जघन्य परीता संख्यातकी ऐसी १६ मध्य परीतासंख्यातकी नाना प्रकार उत्कृष्ट परीता संख्यातकी ऐसी २ जघन्य युक्तासंख्यातकी ऐसी २ यह ही आवलीकी सहनानी है । मध्य युक्तासंख्यातकी नाना प्रकार उत्कृष्ट युक्तासंख्यातकी २ जघन्य असंख्यातासंख्यातकी ऐसी ४ सोई प्रतरावलीकी सहनानी है । मध्य असंख्यातासंख्यात विषैं आठ उपमा प्रमाण पाईए है । तिन विषैं पल्यकी ऐसी प सागरकी ऐसी सा सूच्यंगुलकी ऐसी २ प्रतरांगुलकी ऐसी ४ घनांगुलकी ऐसी ६ जगच्छ्रेणीकी ऐसी—जगत्प्रतरकी ऐसी=घनलोककी ऐसी ≡ बहुरि इहां ही जगच्छ्रेणीकौं सातका भाग दीएं श्रेणीरूप राजू हो है ताकी ऐसी ७ जगत्प्रतरकौं गुणचासका भाग दीएं प्रतर राजू हो है ताकी ऐसी ४९ घनलोककौ तीनसै तियालीसका भाग दीएं घनरूप राजू हो है ताकी ऐसी ३४३ बहुरि अन्य भेदनिकी अनेक प्रकार उत्कृष्ट असंख्यातासंख्यातकी ऐसी २५५ अथवा ऐसी २५६ बहुरि जघन्य परीतानंतकी ऐसी २५६ मध्य परीतानंतकी नाना प्रकार उत्कृष्ट परीतानंतकी ऐसी ज ज क जघन्य युक्तानंतकी ऐसी ज जु अ मध्य युक्तानंतकी नाना प्रकार उत्कृष्ट युक्तानंतकी ऐसी ज जु अ व जघन्य अनंतानंतकी ज जु अ व मध्य अनंतानंत विषैं जीव राशिकी ऐसी १६ इहां भी समस्त जीव राशिकी ऐसी १६ सिद्ध राशिकी ऐसी ३ पुद्गल राशिकी ऐसी १६ ख अन्य भेदनिकी मध्य योग्य अनेक प्रकार उत्कृष्ट अनंतानंतकी केवलज्ञान प्रमाणरूप ताकी ऐसी (के. ऐसैं अलौकिक

गणित विर्षे संदृष्टि जाननी । बहुरि इनके संकलनादि विर्षे जैसैं लौकिक गणित विर्षे लिखनेका विधान कह्या तैसैं ही इहां जाननां । जैसैं पंच अधिक हजार ऐसैं लिखिए ५. तैसैं ही सूच्यंगुल अधिक जगछ्रेणीकों ऐसैं लिखिए २ । बहुरि जैसैं पांच गुणां हजार ऐसैं १०००।५ लिखिए तैसैं ही असंख्यात गुणा लोक ऐसैं लिखिए ≡ ᑫ इत्यादि जाननां । बहुरि राशि उक्त किंचित् मिलावनां होइ तहां ऊपरि ऊभी लीक करि दीजिए। जैसैं किंचित् अधिक लोककी संदृष्टि ऐसी ≡ बहुरि राशि विर्षे किंचित् घटावना होइ तहां आगैं आडी लीक करि दीजिए। जैसैं किंचित्-ऊन जीव राशिकी संदृष्टि ऐसी १६— बहुरि गुणकारादि विर्षे जैसैं लौकिक गणित विर्षे वर्णन किया है तैसैं ही जाननां । विशेष इतनां इहां जैसा जहां संभवै तैसा तहां अलौकिक संदृष्टि रूप प्रमाण जाननां । बहुरि कहीं अक्षरादि रूप सहनानी है । जैसैं अर्द्धछेदनिकी संदृष्टि ऐसी (छे) बहुरि अन्य अनेक प्रकार लौकिक संदृष्टि जाननी । ऐसैं अलौकिक गणित विर्षे सरूप दिखाया सो इस शास्त्रविर्षै जहां प्रयोजन आवैगा तहां लिखन होगा सो जाननां ॥



श्रीमन्नेमिचंद्राचार्यविरचित

त्रिलोकसार

पंडितवर श्रीटोडरमल्लकृत हिंदीभाषाटीका सहित।

दोहा—त्रिभुवनसार अपारगुन, ज्ञायक नायक संत।
त्रिभुवनहितकारी नमों, श्री अरहंत महंत ॥ १ ॥
तीनभवनके मुकुट मनि, गुन अनंतमय सुद्ध।
नमों सिद्ध परमातमा, वीतराग अविरुद्ध ॥ २ ॥
तीनभुवनथिति जानिकै, आप आपमय होय।
यातैं भये विरक्त अति, नमों महामुनि सोय ॥ ३ ॥
तीनभुवन मंदिर विषै, अर्थ प्रकाशन हार।
जैनवचनदीपक नमों, ज्ञानकरन सुखकार ॥ ४ ॥
तीनभुवनमांहि जे रही, चैत्य चैत्यालय सार।
ते सब वंदौं भावजुत, सुभकारन सुखकार ॥ ५ ॥
ऐसे मंगलरूप सब, तिनके वंदे पांय।
अब किछु रचना करत हौं, नानाविधि सुखदाय ॥ ६ ॥

अथ मंगलाचरण करि श्रीमत् त्रिलोकसार नाम शास्त्रकी भाषाटीका करिए है। [illegible] टीका अनुसार लिए मूलशास्त्रका अर्थ लिखिए है।

कवित्त—तीनभुवन सारि जिनपतिको अति भक्तिभावतें करि नमस्कार,
ग्रंथ त्रिलोकसारकी टीका करनेको लिखिये सुखकार।
किंचिन्मात्र ज्ञानके धारी भव्य जीव जे हैं अधिकार,
तिनके संबोधनको कारण ऐसा जानहु अर्थविचार ॥ १ ॥

अडिल्ल—[illegible] सुरि भूरि गुणवंत है, [illegible] है।
जिनमततें विपरीत कुमतमत [illegible] ॥ २ ॥
[illegible]।
[illegible] ॥ ३ ॥

१ [illegible] पत्र यहां ही देख लें।

ऐसें संस्कृत टीकाकार मंगलाचरण करै है। श्रीमान् बहुरि काहूकरि हन्या न जाय ऐसें प्रतिमान जो मर्यादारूप प्रमाण ताकरि रहत बहुरि प्रतिपक्षी कर्मकरि रहत बहुरि इंद्रियजनितज्ञान रहित बहुरि इंद्रियवत् अनुक्रमतै जाननेकरि रहत ऐसा जो केवलज्ञानरूपी नीमान तैं युगपत् अवलोके हैं सकल पदार्थनिका समूह जिहि ऐसा, बहुरि संसारदुःखतें रहित है देवेंद्र मुनींद्र समूह जिहि ऐसा, बहुरि तीर्थकर प्रकृतिरूप पुण्यकी महिमाका माहात्म्यतें उत्पन्न भया है समवसरण आठ प्रातिहार्य चौंतीस अतिशय आदि बहिरंग लक्ष्मीकी विभव जाके ऐसा, बहुरि निःशेष क्षीण हैं अठारह दोष जाके ऐसा, बहुरि सर्वांगपनेंकरि आलिंगनरूप करी है अनंत चतुष्टयादि गुण समूहरूप अंतरंग लक्ष्मी ताकरि प्रकट किया है परमात्मस्वरूप प्रभाव जाने ऐसा जो श्रीवर्द्धमान नामा तीर्थंकर देव तीह तों सर्व भाषामई दिव्यध्वनि करि जाका अर्थ किया है। बहुरि सात ऋद्धिनिकरि संपूर्ण जो गौतमस्वामी समस्त विद्याका परमेश्वर केवली तीह जाका ग्रन्थरचनाका विशेष रच्या है। बहुरि तिस अर्थका ज्ञान अर कवित्वादि विज्ञानकरि संयुक्त बहुरि पापतैं भयभीत ऐसे जु गुरु तिनकी परंपराका अनुक्रमनेंकरि विच्छेदरहित प्रवृत्तिरूप है। बहुरि मूल अर्थ अन्यथा होइ नष्ट न भया है तातैं केवल ज्ञानहीके समान है-ऐसा जु करणानुयोग नाम परमागम ताहि कालके अनुसार संक्षेपरूपकरि निरूपण करनेका है अभिप्राय जाका ऐसा जो भगवान् नेमिचंद्र नामा सैद्धांतदेव चारि अनुयोगरूपी चारि समुद्रनिका पारगामी सो चामुंडरायके संबोधनेके मिसकरि समस्त शिष्यजननिके संबोधनेके अर्थि त्रिलोकसार नामा ग्रंथकों रचतासता तासी आदिविषैं प्रथम ही निर्विघ्नपनैं शास्त्रकी समाप्तता होइ इत्यादि फलसमूहकौं विचार विशिष्ट जो अपना इष्टदेव ताहि स्तवै है;—

बलगोविंदसिहामणिकिरणकलावरुणचरणणहकिरणं।
विमलयरणेमिचंदं तिहुवणचंदं णमंसामि ॥ १ ॥

बलगोविन्दशिखामणिकिरणकलापारुणचरणनखकिरणम्।
विमलतरनेमिचंद्रं त्रिभुवनचंद्रं नमस्यामि ॥ १ ॥

अर्थ—कहिये हैं। **नमस्यामि** कहिए नमस्कार करौ हौं। किसहिं नमस्कार करौ हौं। **विमलतरनेमिचंद्रं** विगत कहिए विनष्ट भया है मल कहिए द्रव्यभाव भेदकौं लिए आत्माके गुणका घातक कर्म वा शरीरका मल धातु जातै सो विमल जानना। बहुरि आप विशुद्धताका जु उदय ताकी परम उत्कृष्टताकों प्राप्त होतसता अन्य जे आपकौं आश्रित भए भव्य जीव तिनिके भी कर्ममलके दूरि करनेकों कारण है तातैं अतिसय करि विमल है सो विमलतर जानना। इस विशेषणकर अपाय अतिशय प्रगट किया। अपाय नाम नासका है सो इंद्रादिक भी जाके नाश करनेकौं समर्थ नाहीं ऐसें कर्ममलका नाश किया ऐसा अतिशय भगवतविषै हौ है। ऐसा इस विशेषणका अभिप्राय है। बहुरि नेमिनाथ नामा बावीसवां तीर्थंकर परमदेव सो नेमिचंद्र जानना। विमलतर जो नेमिचंद्र ताहि नमस्कार करौ हौ। कैसा है विमलतर नेमिचंद्र। **त्रिभुवनचंद्रं** त्रिभुवन कहिये तीन लोक तिनका चंद्र कहिए चंद्रमावत् प्रकास करनहारा है। **भावार्थ**—तीन लोकके

अर्थ—किन्नरादिक च्यारि कुल तौ दश दश प्रकार हैं अर अवशेषादिक अनुक्रमतें बारह प्रकार सात प्रकार सात प्रकार चौदह प्रकार हैं। जैसे मनुष्यनिविषै क्षत्रिय वैश्यादिक कुल भेद पाईए है अर एक क्षत्रिय कुल विषै इक्ष्वाकु सोम वंशादि भेद पाईए तैसे व्यंतरनिविषै आठ कुल भेद हैं। एक एक कुल विषै दश आदि अवान्तर भेद जानने। बहुरि इन विषै एक एक कुल विषै दोय दोय इंद्र हैं। तिन इंद्रनिकै एक एक कै दोय दोय वल्लभिका देवांगना हैं ते प्रत्येक प्रत्येक एक एक देवांगना हजार हजार परिवार देवांगना करि संयुक्त है ॥ २५६ ॥

आगें तिनके नाम सोलह गाथानि करि कहै हैं;—

किंपुरिसकिंणरावि य हिदयंगमगा य रूवपाली य।
किंणरकिंणरऽणिंदिद मणरम्मा किंणरुत्तमगा ॥ २५७ ॥
किंपुरुषकिन्नरावपि च हृदयंगमश्च रूपपाली च।
किन्नरकिन्नरः अनिंदितः मनोरमः किन्नरोत्तम ॥ २५७ ॥

अर्थ—किंपुरुष १ किंनर १ हृदयंगम १ रूपपाली १ किंनरकिंनर १ अनिंदित १ मनोरम १ किंनरोत्तम १ ॥ २५७ ॥

रतिपियजेट्ठा इंदा किंपुरिसादिकिणराचसेसा हु।
वेलुमती रतिसेणा रदिप्पिया होंति वल्लभिया ॥ २५८ ॥
[illegible] ॥
[illegible]

अर्थ—[illegible]
[illegible]

पुरुसा पुरुसुत्तमसप्पुरुसमहापुरुसपुरुसपहणामा ।
अतिपुरुसा मरुओ मरुदेवमरुप्पहजसोवंता ॥ २५९ ॥

पुरुषः पुरुषोत्तमसत्पुरुषमहापुरुषपुरुषप्रभनामानः ।
अतिपुरुषः मरुर्मरुद्देवमरुत्प्रभयशस्वंतः ॥ २५९ ॥

अर्थ—पुरुष १ पुरुषोत्तम १ सत्पुरुष १ महापुरुष १ पुरुषप्रिय १ अतिपुरुष १ म
मरुदेव १ मरुत्प्रभ १ यशस्वान १ ऐसैं दश प्रकार किंपुरुष हैं ॥ २५९ ॥

सप्पुरुसमहापुरुसा किंपुरिसिंदा कमेण वल्लभिया ।
रोहिणिया णवमी हिरि पुप्फवदी य इयरस्स ॥ २६० ॥

सत्पुरुषमहापुरुषौ किंपुरुषेंद्रौ क्रमेण वल्लभिकाः ।
रोहिणी नवमी ह्रीः पुष्पवती च इतरस्य ॥ २६० ॥

अर्थ—तिनविषैं सत्पुरुष अर महापुरुष दोय किंपुरुष व्यंतरके इन्द्र हैं तिनकी क्र
सत्पुरुषकै तौ रोहिनी अर नवमी वल्लभिका देवी है अर दूसरा महापुरुषकी ह्री अर पुष्पवती
मिश्र देवी है ॥ २६० ॥

भुजगा भुजंगसाली महकायतिकाय खंधसाली य ।
मणहर असणिजववखा महसरगंभीरपियदरिसा ॥ २६१ ॥

भुजंगः भुजंगशाली महाकायो अतिकायः स्कंधशाली च ।
मनोहरः अशनिजवाख्यः महैश्वर्यगंभीरप्रियदर्शिनः ॥ २६१ ॥

अर्थ—भुजंग १ भुजंगशाली १ महाकाय १ अतिकाय १ स्कंधशाली १ मनोहर १
निजव १ महैश्वर्य १ गंभीर १ प्रियदर्शी १ ऐसैं दस प्रकार महोरग हैं ॥ २६१ ॥

महकायो अतिकायो महोरगिंदा हु भोग भोगवदी ।
इदरस्स पुप्फगंधी अणिंदिता होंति वल्लभिया ॥ २६२ ॥

महाकायो अतिकायः महोरगेंद्रौ हि भोगा भोगवती ।
इतरस्य पुष्पगंधी अनिंदिता भवतः वल्लभिके ॥ २६२ ॥

अर्थ—तिनविषैं महाकाय १ अर अतिकाय ए दोय महोरग व्यंतरनिके इन्द्र हैं
पूर्व इन्द्रकै तौ भोगा १ भोगवती १ अर द्वितीय इन्द्रकी पुष्पगंधी १ अनिंदिता ए वल्लभिका
हैं ॥ २६२ ॥

हाहा हूहू णारयतुंबुरुकदंबवासवक्खा य ।
महसर गीदरदीति य गीदयसा दइवदा दसगा ॥ २६३ ॥

हाहा हूहू नारदतुम्बुरकदम्बवासवाख्याश्च ।
महास्वरो गीतरतिः अपि च गीतयशा दैवता दशकाः ॥ २६३ ॥

अर्थ—हाहा १ हूहू १ नारद १ तुंबुर १ कदंब १ वासव १ महास्वर १ गीतरति
गीतयशा १ दैवत १ ऐसैं दश प्रकार [illegible] हैं ॥ २६३ ॥

गीतरती गीतजसो गंधव्विदा हवंति वल्लभिपा।
सरसति सरसेणावि य णंदिणि पियदरिसिणादेवी ॥ २६४ ॥
गीतरतिः गीतयशा गंधर्वेन्द्रौ भवतः वल्लभिकाः।
सरस्वति स्वरसेनापि च नंदिनी प्रियदर्शनादेवी ॥ २६४ ॥

अर्थ—तिन विर्षे गीतरति अर गीतयशा ए दोय गंधर्वनिके इन्द्र हैं तिनकी वल्लभिका देवी सरस्वती १ स्वरसेना १ अर नंदिनी १ प्रियदर्शना १ हैं॥ २६४ ॥

अह माणिपुण्णसेलमणोभद्दा भद्दगा सुभद्दा य।
तह सव्वभद्द माणुस धणपाल सुरूवजक्खा य ॥ २६५ ॥
अथ माणिपूर्णशैलमनोभद्राः भद्रकः सुभद्रः च।
तथा सर्वभद्रः मानुषः धनपालः सुरूपयक्षश्च ॥ २६५ ॥

अर्थ—अथ अबै माणिभद्र १ पूर्णभद्र १ शैलभद्र१मनोभद्र १भद्रक १ सुभद्र १ सर्वभद्र १ मानुष १ धनपाल १ सुरूपयक्ष १ ॥ २६५ ॥

जक्खुत्तमा मणोहरणामा तह माणिपुण्णभद्दिंदा।
कुंद बहुपुत्तदेवी तारा पुण उत्तमा देवी ॥ २६६ ॥
यक्षोत्तमो मनोहरनामा तत्र माणिपूर्णभद्रेंद्रौ।
कुंदा बहुपुत्रदेवी तारा पुनरुत्तमा देवी ॥ २६६ ॥

अर्थ—यक्षोत्तम १मनोहर १ ऐसे बारह प्रकार यक्ष हैं तिन विर्षे माणिभद्र पूर्णभद्र ए दोय इंद्र हैं तिन इंद्रनिकी कुंदा १ बहुपुत्रा १ देवी हैं अर तारा उत्तमा देवी हैं ॥ २६६ ॥

भीम महाभीम विग्घविणायक तह उदक रक्खसा य तहा।
रक्खसरक्खस तह बह्मरक्खसा होंति सत्तमया ॥ २६७ ॥
भीमो महाभीमः विघ्नविनायकः तथा उदकः राक्षसश्च तथा।
राक्षसराक्षसः तथा ब्रह्मराक्षसः भवंति सप्तमकः ॥ २६७ ॥

अर्थ—भीम १महा भीम १ विघ्नविनायक १उदक१ राक्षस१ राक्षसराक्षस१ ब्रह्मराक्षस सातवा ऐसे सात् प्रकार राक्षस हैं ॥ २६७ ॥

भीमो य महाभीमो रक्खसइंदा हवंति वल्लभिया।
पउमा वसुमित्तावि य रयणड्ढा कणयपह देवी ॥ २६८ ॥
भीमश्च महाभीमो राक्षसेंद्रौ भवतः वल्लभिकाः।
पद्मा वसुमित्रापि च रत्नाढ्या कनकप्रभा देवी ॥ २६८ ॥

अर्थ—तिनविर्षे भीम अर महाभीम ए राक्षसनिके इन्द्र हैं, तिनकी वल्लभिका देवी पद्मा वसुमित्रा १ बहुरि रत्नाढ्या १ कनकप्रभा १ है ॥ २६८ ॥

भूदाणं तु सुरूपा पडिरूवा भूदउत्तमा तत्तो।
पडिभूद महाभूदा पडिछण्णागाससभूद इदि ॥ २६९ ॥

भूतानां तु सुरूपः प्रतिरूपः भूतोत्तमः ततः ।
प्रतिभूतः महाभूतः प्रतिछन्नः आकाशभूत इति ॥ २६९ ॥

अर्थ—बहुरि भूतनिकैं सुरूप १ प्रतिरूप १भूतोत्तम १ प्रतिभूत१ प्रतिछिन्न १ आकाश-भूत १ ऐसैं सात प्रकार है ॥ २६९ ॥

इंदा य सुपडिरूवा वल्लभिया तह य होदि रुववदी ।
बहुरुवा य सुसीमा सुमुहा य हवंति देवीयो ॥ २७० ॥

इंद्रौ च सुप्रतिरूपौ वल्लभिकाः तथा च भवंति रूपवती ।
बहुरूपा च सुसीमा सुमुखा च भवंति देव्यः ॥ २७० ॥

अर्थ—तिन विषैं इन्द्र स्वरूप अर प्रतिरूप हैं तिनकी वल्लभिका १ रूपवती १ बहुरूपा सुसीमा १ सुमुखा १ ए देवी हैं ॥ २७० ॥

कुम्भंड रक्ख जक्खा संमोहो तारका अचोक्खा य ।
काल महकाल चोक्खा सतालया देह महदेहा ॥ २७१ ॥

कूष्मांडो रक्षो यक्षः संमोहः तारकः अशुचिश्च ।
कालः महाकालः शुचिः सतालकः देहः महादेहः ॥ २७१ ॥

अर्थ—कूष्मांड १ रक्षा १यक्ष संमोह १तारक १अशुचि १काल१ महाकाल १ शुचि १ सता-लक १ देह १ महादेह१ ॥ २७१ ॥

तुण्हिय पवयणणामा इंदा तेसिं तु कालमहकाला ।
कमलकमलप्पहुप्पलसुदंसिणा होंति वल्लभिया ॥ २७२ ॥

तूष्णीकः प्रवचननामा इंद्रौ तेषां तु कालमहाकालौ ।
कमलाकमलप्रभोत्पलासुदर्शना भवंति वल्लभिकाः ॥ २७२ ॥

अर्थ—तूणीक १ प्रवचन १ ऐसें नाम लिऐं चौदह प्रकार पिशाच हैं । तिन विषैं तिन पिशाचनिकैं काल अर महाकाल इन्द्र हैं । तिनकी कमला १कमलप्रमा बहुरि उत्पला १ सुदर्शना१ ए वल्लभिका हैं ॥ २७२ ॥

आगैं बहुरि इंदनिहीके नाम जुदे दोय गाथानिकरि कहैं हैं;—

किंपुरुस किंणरा सप्पुरुस महापुरुसणामया कमसो ।
महकायो अतिकायो गीतरती गीतयसणामा ॥ २७३ ॥

किंपुरुषः किंनरः सत्पुरुषः महापुरुषनामा क्रमशः ।
महाकायः अतिकायः गीतरती गीतयशोनामा ॥ २७३ ॥

अर्थ—क्रमतैं किंपुरुष किंनर बहुरि सत्पुरुष महापुरुष बहुरि महाकाय अतिकाय बहुरि गीतरति गीतयशा ॥ २७३ ॥

तो माणिपुण्णभद्दा भीममहाभीमया सुरूवा य ।
पडिरूवो काल महाकालो भोम्मेसु जुगलिंदा ॥ २७४ ॥

ततो माणिपूर्णभद्रौ भीममहाभीमौ सुरूपश्च।
प्रतिरूपः कालः महाकालः भौमेषु युगलेंद्राः ॥ २७४ ॥

अर्थ—तहां पीछे माणिभद्र पूर्णभद्र बहुरि भीम महाभीम बहुरि सुरूप प्रतिरूप बहुरि काल महाकाल ए सर्व व्यंतरनिविषैं एक एक कुलके दोय दोय इन्द्र जानने ॥ २७४ ॥

आगैं किंपुरुष इन्द्रनिकै गणिका महत्तरीकों च्यारि गाथानि करि कहैं हैं;—

गणिकामहत्तरीयो इंदं पडि पल्लदलठिदी दो दो।
मधुरा मधुरालावा सुस्सर मउभासिणी कमसो ॥ २७५ ॥
गणिकामहत्तर्यः इंद्रं प्रति पल्यदलस्थितयः द्वे द्वे।
मधुरा मधुरालापा सुस्वरा मृदुभाषिणी क्रमशः ॥ २७५ ॥

अर्थ—एक एक इन्द्र प्रति दोय दोय गणिका महत्तरी हैं। जैसे इहां वेश्या हो हैं तैसे तहां जो देवांगना होंहि तिनकों गणिका कहिए तिन विषैं जो प्रधान सो गणिकामहत्तरी जाननी बहुरि ते आध पल्य प्रमाण आयुकों धरै हैं तिनकों नाम अनुक्रमतैं कहिए हैं। तहां एक एक किंपुरुषादि इन्द्र संबंधी दोय दोय गणिका महत्तरीनिका नाम जानने मधुरा मधुरालाप बहुरि सुस्वरा मृदुभाषिणी ॥ २७५ ॥

पुरिसपिया पुंकंता सोम्म पुंदरिसिणी य भोगक्खा।
भोगवदी य भुजंगा भुजंगपिया तो सुघोस विमलेत्ति ॥ २७६ ॥
पुरुषप्रिया पुंकांता सौम्या पुंदर्शिनी च भोगाख्या।
भोगवती च भुजंगा भुजंगप्रिया ततः सुघोषा विमला इति ॥ २७६ ॥

अर्थ—बहुरि पुरुषप्रिया पुंकांता बहुरि सौम्य पुंदर्शिनी बहुरि भोगा भोगवती बहुरि भुजंगा भुजंगप्रिया बहुरि सुघोषा विमला ॥ २७६ ॥

सुस्सर अणिंदियक्खा भद्द सुभद्दा य मालिणी होंति।
पउमादिमालिणीवि य तो सव्वरि सव्वसेणेत्ति ॥ २७७ ॥
सुस्वरा अनिंदिताख्या भद्रा सुभद्रा च मालिनी भवंति।
पद्मादिमालिनी अपि च ततः शर्वरी सर्वसेना इति ॥ २७७ ॥

अर्थ—बहुरि सुस्वरा अनिंदिता बहुरि भद्रा सुभद्रा बहुरि मालिनी पद्ममालिनी बहुरि शर्वरी सर्वसेना ॥ २७७ ॥

रुद्दक्ख रुद्ददरिसिण भूदादकिंद भूद भूदादी।
दत्त महाभुज अंबा कराल सुलसा सुदरिसणया ॥ २७८ ॥
रुद्राख्या रुद्रदर्शना भूतादिकांता भूता भूतादि।
दत्ता महाभुजा अंबा कराला सुरसा सुदर्शनका ॥ २७८ ॥

अर्थ—बहुरि रुद्रा रुद्रदर्शना बहुरि भूतकांता भूता बहुरि भूतदत्ता महाभुजा बहुरि अंबा कराल बहुरि सुरसा दर्शना। ऐसें सोलह इंन्द्र संबंधी बत्तीस गणिका महत्तरनिके नाम क्रमतैं जाननें ॥ २७८ ॥

आगे किंपुरुषादि इन्द्रनिकै सामानिक आदि देवनकी संख्या कहैं हैं;—

इंदसमा हु पडिंदा समाणुतणुरक्खपरिसपरिमाणं ।
चउसोलसहस्सं पुण अट्ठसयं विसदवड्ढिकमो ॥ २७९ ।

इन्द्रसमाः खलु प्रतीन्द्राः सामानिकतनुरक्षपारिषद्प्रमाणं ।
चतुःषोडशसहस्रं पुनरष्टशतं द्विशतवृद्धिक्रमः ॥ २७९ ॥

अर्थ—इन्द्रनिके समान प्रतीन्द्र हैं एक एक इन्द्र संबंधी एक एक प्रतीन्द्र है बहुरि सामानिक तनुरक्षक पारिषदनिका प्रमाण च्यारि हजार सोल्ह हजार आठसै दोयसै बधता क्रम लीए है। भावार्थ-एक एक इन्द्रकै सामानिक देव च्यारि हजार हैं। तनुरक्षक सोल्ह हजार हैं। अभ्यंतर परिषद आठसै हैं। मध्य परिषद हजार हैं। बाह्य बारहसै हैं ॥ २७९ ॥

आगे तिनकैं सात आनीक कहैं हैं;—

कुंजरतुरयपदादीरहगंधव्वा य णच्चवसहोत्ति ।
सत्तेवय आणीया पत्तेयं सत्त सत्त कक्खजुदा ॥ २८० ॥

कुंजरतुरगपदातिरथगंधर्वाश्च नृत्यवृषभाविति ।
सप्तैव अनीकाः प्रत्येकं सप्त सप्त कक्षयुताः ॥ २८० ॥

अर्थ—हाथी १ घोड़ा १ पयादा १ रथ १ गंधर्व १ नृत्यकी १ वृषभ १ ऐसे सात प्रकार आनीक एक एक के हैं। बहुरि एक एक आनीक सात सात कक्ष जो फौज तिन करि संयुक्त है ॥ २८० ॥

आगे तिस सेनाके महत्तर कहैं हैं;—

सेणामहत्तरा सुज्जेट्ठा सुग्गीवविमलमरुदेवा ।
सिरिदामा दामसिरी सत्तमदेवो विसालक्खो ॥ २८१ ॥

सेनामहत्तराः सुज्येष्ठः सुग्रीवविमलमरुदेवाः ।
श्रीदामा दामश्रीः सप्तमदेवो विशालाख्यः ॥ २८१ ॥

अर्थ—हाथी आदिक जे सेना ताके महत्तर कहिए प्रधान अनुक्रमतैं सुज्येष्ठ १ सुग्रीव १ विमल १ मरुदेव १ श्रीदामा १ दामश्री १ सातवां विसाल नाम देव जानना ॥ २८१ ॥

आगे तिस आनीककी संख्या कहैं हैं;—

अट्ठावीससहस्सं पढमं दुगुणं कमेण चरिमोत्ति ।
सव्विंदाणं सरिसा पइण्णयादी असंखमिदा ॥ २८२ ॥

अष्टाविंशसहस्राणि प्रथमं द्विगुणं क्रमेण चरमान्तम् ।
सर्वेन्द्राणां सदृशाः प्रकीर्णकादयः असंख्यमिताः ॥ २८२ ॥

अर्थ—अट्ठाईस हजार प्रथम कक्ष है। बहुरि दूणा दूणा करि अंत पर्यंत जानना ॥भावार्थ॥ हाथी प्रथम फौज विषै अट्ठाईस हजार दूसरा विषै छप्पन हजार ऐसे सातवीं फौज पर्यंत दूने दूने जानने। ऐसेही घोटकादिक जानने। या प्रकार सर्वही प्रतीन्द्रनिकै समान आनीक

पाइए है । बहुरि चतुर्निकायरूप सर्व देवनिकै प्रकीर्णक आभियोग किल्विषिक एक असंख्यात प्रमाण है ॥ २८२ ॥

आगे व्यंतरेंद्रनिका नगर जहाँ पाइए तिन द्वीपनिके नाम कहै हैं;—

अंजणवज्जधादुगसुवण्णमणसिलगवज्जरजदेसु ।
हिंगुलिगे हरिदाले दीवे भोमिंदणयराणि ॥ २८३ ॥

अंजनकवज्रधातुकसुवर्णमनःशिलकवज्ररजतेषु ।
हिंगुलिके हरिताले द्वीपे भौमेन्द्रनगराणि ॥ २८३ ॥

अर्थ—अंजनक १ वज्रधातुक १ सुवर्ण १ मनःशिलक १ वज्र १ रजत १ हिंगुलक १ हरिताल १ इन आठ द्वीपनिविषै क्रमतै किन्नरादिकनिके इंद्रनिके नगर है ॥ भावार्थ ॥ किन्नर कुलके इंद्रनिका अंजनक द्वीपविषै नगर है । तहां किंपुरुष इंद्रके तौ दक्षिण दिशाविषै अर किन्नरइंद्रके उत्तर दिशाविषै नगर जानने ऐसे ही वज्रधातुकादि द्वीपनिविषै किंपुरुषादिकनिकै इंद्रनिके पहले इंद्रका दक्षिणविषै दूसरेका उत्तरविषै नगर जानने ॥ २८३ ॥

आगे तिन नगरनिके नाम अर आकार कहै हैं;—

भोमिंदणं मज्झे पहकंतावत्तमज्झ परिमंका ।
पुव्वादिसु जंबुसमा पणपणणयराणि समभागे ॥ २८४ ॥

भौमेन्द्राणां मध्ये प्रभकान्तावर्तमध्याः परमांकाः ।
पूर्वादिषु जंबूसमानि पंचपंचनगराणि समभागे ॥ २८४ ॥

अर्थ—व्यंतर इंद्रका जो अंक कहिए नाम सो तो मध्यका नगर विषै जानना अर ताहीकी पूर्वादि दिशानिविषै इंद्रका नामकै आगे क्रमतै प्रभकांत आवर्त मध्य ऐसे अंतविषै नाम संयुक्त नगरनिके नाम जानने ॥ भावार्थ ॥ किन्नर नामा इंद्र ताके पांच नगर हैं तहां मध्य विषै जो नगर है ताका नाम किन्नरपुर है बहुरि ताकी पूर्व दिशाविषै किन्नरप्रभ नगर है । दक्षिणविषै किन्नर-कांत नगर है पश्चिम दिशाविषै किन्नरावर्त नगर है । उत्तरविषै किन्नरमध्य नगर है । ऐसें ही और इंद्रनिके नगरनिके नाम जानने । एक एक इंद्रके पांच पांच नगर हैं ते जंबूद्वीप समान हैं। भावार्थ । लक्ष योजन विस्तारकों धरै हैं । बहुरि ते नगर समभूमि विषै पाइए हैं पृथ्वीतैं नीचें वा पर्वतादिके ऊपर नहीं हैं ॥ २८४ ॥

आगे तिन नगरनिका कोट द्वार तिनका उदयादिक कहै हैं;—

तप्पायारुदयतियं पणहत्तरिपण्णवीसपंचदलं ।
दारुदओ वित्थारो पंचपणद्धं तदद्धं च ॥ २८५ ॥

तत्प्राकारोदयत्रयं पंचसप्ततिपंचविंशतिपंचदलम् ।
द्वारोदयो विस्तारः पंचपनार्धं तदर्धं च ॥ २८५ ॥

अर्थ—तिन नगरनिका जो प्राकार कहिए कोट ताका उदयादि तीन पिचहत्तरि पचीस पांचका आधा है ॥ भावार्थ ॥ कोट साढा सैंतीस योजन ऊंचा है साढा बारा योजन चौड़ा है

अढ़ाई योजन मोटा है बहुरि तिस कोटके द्वार कहिए दरवाजे तिनका उदय अर विस्तार पंच घन
सवासो ताका आधा अर ताहूका आधा प्रमाण है ॥ भावार्थ ॥ द्वार साढा बासठि योजन ऊंचा है स
इकतीस योजन चौड़ा है ॥ २८५ ॥

आगें ताके ऊपरि जो प्रासाद है ताका स्वरूप कहै हैं;—

तस्सुवरिं पासादो पणहत्तरितुंगओ सुधम्मसहा ।
पणकादिदल तद्दल णव दीहरवासुदय कोस ओगाढा ॥ २८६ ॥

तस्योपरि प्रासादः पंचसप्ततितुंगः सुधर्मसभा ।
पंचकृतिदलं तद्दलं नव दीर्घव्यासोदयाः क्रोशः अवगाढः ॥ २८६ ॥

अर्थ—तिस द्वारकै ऊपरि पिचहत्तरि योजन ऊंचा प्रासाद है सोई प्रासादके अभ्य
सुधर्मा नामा सभा कहिए सो पंचमी कृति पचीस ताका आधा बहुरि ताहूका आधा बहुरि
प्रमाण दीर्घ व्यास उदय संयुक्त है॥ भावार्थ ॥ सुधर्म्मा सभा साढा बारा योजन लंबी है। सवा
योजन चौड़ी है। नव योजन ऊंची हैं। बहुरि तिसका अवगाढ़ कहिए अधिष्टान भूमि सो ए
कोश है ॥ २८६ ॥

आगें तिस प्रासादके जे द्वार तिनके उदयादि कहैं हैं;—

तिस्से दारुदओ दुग इगि वासो दक्खिणुत्तरिंदाणं ।
सव्वेसिं णगराणं पायारादीणि सरिसाणि ॥ २८७ ॥

तस्याः द्वारोदयः द्विकमेकं व्यासः दक्षिणोत्तरेंद्राणाम् ।
सर्वेषां नगराणां प्राकारादीनि सदृशानि ॥ २८७ ॥

अर्थ—तिस सुधर्म्मा सभाका द्वारका उदय जो ऊंचाई सो दोय योजन है । बहुरि व्या
जो चौड़ाई सो एक योजन है। बहुरि दक्षिण इंद्र वा उत्तर इंद्रनिकैं सबनिहीकैं सर्व नगरनि
प्राकारादिक समान हैं ॥ २८७॥

आगें तिन नगरनिकै बाह्य वन कहै हैं;—

पुरदो गंतूण बहिं चउदिसं जोयणाणि बिसहस्सं ।
इगिलक्खायद तद्दलवासजुदा रम्मवणखंडा ॥ २८८ ॥

पुरो गत्वा बहिः चतुर्दिशं योजनानि द्विसहस्रं ।
एकलक्षायता तद्दलव्यासयुता: रम्यवनखंडाः ॥ २८८ ॥

अर्थ—नगरनैं बाहैं दोय दोय हजार योजन परैं जाइ च्यारि दिशानिविषैं एक ल
योजन लंबे तातैं पचास हजार योजन चौड़े रमणीक वनखंड कहिए बाग हैं ॥ २८८ ॥

आगें तिन द्वीपनिविषैं पाईए ऐसे गणिकानिके नगर तिनके विस्तार संख्यादिक निरूपै हैं;—

तत्थेव य गणिकाणं चुलसीदिसहस्सविउलणयराणि ।
संसाणं सोम्माणं अणेयदीवे समुद्दे य ॥ २८९ ॥

तत्रैव च गणिकानां चतुरशीतिसहस्रविपुलनगराणि।
शेषाणां भौमानां अनेकद्वीपे समुद्रे च॥ २८९॥

अर्थ—तिसही अपनें अपनें इंद्र संबंधी द्वीपविषैं गणिकामहत्तरीनिके नगर हैं। ते अपनी अपनी इंद्रपुरीकै दोऊ पार्श्वनिविषैं जाननें। बहुरि ते चौरासी हजार योजन लंबे चौड़े हैं। बहुरि अवशेष जे व्यंतर हैं तिनके नगर अनेक द्वीप वा अनेक समुद्रनि विषैं पाईए हैं॥२८९॥

आगैं कुलभेद अपेक्षा निलयभेद कहैं हैं;—

भूदाण रक्खसाणं चउदस सोलस सहस्स भवणाणि।
सेसाण वाणवेंतरदेवाणं उवरि णिलयाणि॥ २९०॥

भूतानां राक्षसानां चतुर्दश षोडश सहस्रे भवनानि।
शेषाणां वानव्यंतरदेवानां उपरि निलयानि॥ २९०॥

अर्थ—भूतनिका अर राक्षसनिका चौदह सोलह हजार भवन हैं॥ **भावार्थ**॥ रत्नप्रभा पृथ्वीके खरभागविषैं भूतनिके चौदह हजार भवन है। बहुरि पंक भागविषैं राक्षसनिके सोलह हजार भवन हैं। बहुरि अवशेष वान व्यंतरदेव हैं तिनके पृथ्वीके ऊपरि निलय कहिए स्थान पाईए हैं॥ २९०॥

आगैं नीचोपपादादि वान व्यंतरनिके विशेष दोय गाथानिकरि कहैं हैं;—

हत्थपमाणे णिच्चुववादा दिगुवासि अंतरणिवासी।
कुंभंडा उप्पण्णाणुप्पण्ण पमाणया गंधा॥ २९१॥

हस्तप्रमाणे नीचोपपादाः दिग्वासिनः अंतरनिवासिनः।
कूष्मांडाः उत्पन्ना अनुत्पन्नाः प्रमाणका गंधाः॥ २९१॥

अर्थ—हस्तप्रमाणविषैं नीचौपपाद हैं बहुरि दिग्वासी १ अंतरनिवासी १ कूष्मांड १ उत्पन्न १ अनुत्पन्न १ प्रमाणक १ गंध १॥ २९१॥

महगंध भुजग पीदिग आगासुववण्णगा य उवरुवरिं।
तिसु दसहत्थसहस्सं वीससहस्संतरं सेसे॥ २९२॥

महागंधा भुजगाः प्रीतिका आकाशोत्पन्नाश्च उपर्युपरि।
त्रिषु दशहस्तसहस्राणि विंशतिसहस्रांतरं शेषे॥ २९२॥

अर्थ—महागंध १ भुजंग १ प्रीतिक १ आकाशोत्पन्न १ ए सर्व्व ऊपरि ऊपरि तीनविषैं दश दश हजारकै आंतिरै अर अवशेष बीस बीस हजारके आंतिरै जाननें। **भावार्थ**—पृथ्वीतै एक हस्त ऊपरि क्षेत्रविषै नीचोपपाद व्यंतर हैं। तिनकै ऊपरि दश हजार हाथ ऊंचे क्षेत्रविषैं दिग्वासी हैं। तिनकै ऊपरि दश हजार हाथ ऊंचे क्षेत्रविषैं अंतर निवासी हैं। तिनके ऊपर दस हजार हाथ ऊंचे क्षेत्रविषैं कूष्मांड है। तिनकै ऊपरि बीस हजार हाथ ऊंचे क्षेत्रविषै उत्पन्न व्यंतर हैं। आगैं ऐसे ही ऊपरि ऊपरि बीस बीस हजार हाथका अंतराल जाननां॥ २९२॥

आगैं तिन नीचोपपादादिकनिकी आयु क्रमतैं कहैं हैं;—

दसवरिससहस्सादो सीदी चुलसीदिकं सहस्सं तु ।
पल्लट्ठमं तु पादं पल्लद्धं आउगं कमसो ॥ २९३ ॥
दशवर्षसहस्रात् अशीतिः चतुरशीतिकं सहस्रं तु ।
पल्याष्टमं तु पादं पल्यार्धमायुष्यं क्रमशः ॥ २९३ ॥

अर्थ—दश हजार वर्षतैं लगाय दश दश हजार वधता असी हजार वर्ष पर्यंत बहुरि चौरासी हजार वर्ष बहुरि पल्यका आठवां भाग चौथा भाग पल्यका आधा प्रमाण आयु तिनका क्रमतैं जानना । **भावार्थ**—नीचोपपादनिका दश हजार दिग्वासीनिका वीस हजार अंतरनिवासीनिका तीस हजार कूष्मांडनिका चालीस हजार उत्पन्ननिका पचास हजार अनुत्पन्ननिका साठि हजार प्रमाणकनिका सत्तरि हजार गंधनिका अस्सी हजार वर्ष प्रमाण आयु है । महा गंधनिका चौरासी हजार वर्ष प्रमाण आयु है जुगलनिका पल्यका आठवां भाग प्रीतिकनिका चौथाई पल्य आकाशोत्पन्ननिका आधापल्य प्रमाण आयु है ॥ २९३ ॥

आगैं व्यंतरनिका निलय भेद कहैं हैं;—

वेंतरणिलयतियाणि य भवणपुरावासभवणणामाणि ।
दीवसमुद्दे दहगिरितरुम्हि चित्तावणिम्हि कमे ॥ २९४ ॥
व्यंतरनिलयत्रयाणि च भवनपुरावासभवननामानि ।
द्वीपसमुद्रे ह्रदगिरितरौ चित्रावन्यां क्रमेण ॥ २९४ ॥

अर्थ—भवनपुर अर आवास अर भवन ए वितरनिके भवननिके तीनही नाम हैं तहां क्रमकरि द्वीप समुद्रनिविषैं भवनपुर पाईए है । बहुरि द्रह पर्वत वृक्ष इन विषैं आवास पाईए हैं बहुरि चित्रापृथिवीविषैं नीचें भवन पाईए हैं ॥ २९४ ॥

आगैं तीन प्रकार निलयनका वर्णन कहैं हैं;—

उड्ढगया आवासा अधोगया वितराण भवणाणि ।
भवणपुराणि य मज्झिमभागगया इदि तियं णिलयं ॥ २९५ ॥
ऊर्ध्वगताः आवासा अधोगता व्यंतराणां भवनानि ।
भवनपुराणि च मध्यमभागगतानीति त्रयं निलयम् ॥ २९५ ॥

अर्थ—जे पृथ्वीतैं ऊंचे स्थानक विषैं पाईए ते आवास जानने । बहुरि जे पृथ्वीतैं नीचे पाइए ते व्यंतरनिके भवन जानने । बहुरि जे मध्य लोककी समभूमि विषैं पाईए ते भवनपुर बहुरि ऐसें तीन प्रकार निलय हैं ॥ २९५ ॥

आगैं सर्व व्यंतरनिका यथा संभव रहनेका क्षेत्र कहै हैं;—

चित्तवइरादु जावय मेरुदयं तिरियलोयवित्थारं ।
भोम्मा हवंति भवणे भवणपुरावासगे जोग्गे ॥ २९६ ॥

चित्रावज्रातः यावत् मेरूदयं तिर्यग्लोकविस्तारं।
भौमा भवंति भवने भवनपुरावासके योग्यं॥ २९६॥

अर्थ—चित्रा अर वज्रा पृथ्वीका मध्य संधितैं लगाय यावत् मेरु गिरिकी उचाई है तहां पर्यंत ऊंचा अर तिर्यक् लोकका जेता विस्तार तहां पर्यंत विस्तारकों धरें जो क्षेत्र तिहविर्षे भौम कहिए व्यंतर देव ते अपनें अपनें योग्य भवनविर्षे वा भवन पुरविर्षे वा आवासविर्षे वास करें हैं॥ २९६॥

भवणं भवणपुराणि य भवणपुरावासयाणि केसिंपि।
भवणामरेसु असुरे विहाय केसिं तियं णिलयं॥ २९७॥

भवनं भवनपुरे च भवनपुरावासकानि केषांचित्।
भवनामरेषु असुरान् विहाय केषां त्रयं निलयम्॥ २९७॥

अर्थ—केई व्यंतरनिकें तो भवन ही हैं केईनिके भवन अर पुर, हैं केईनिकें भवन अर भवनपुर अर आवास हैं। ऐसे व्यंतरनिके स्थान जानने। बहुरि भवनवासी देवनिविर्षे असुर कुमार विना अन्य कुलवाले केईक भवन वासीनिके भवन वा भवनपुर वा आवास तीन निलय पाईए है इस कथनतें पृथ्वीतै नीचे खर भाग पंक भाग विर्षे अर पृथ्वी तैं ऊपरि पर्वतादि विर्षे अर सम-भूमि पृथ्वीविर्षे व्यंतरनिके अर भवन वासीनिके स्थान पाइए हैं ऐसा जानना॥ २९७॥

आगैं तीन प्रकार निलयनिका व्यासादिक तीन गाथानि करि कहैं हैं;—

जेट्ठावरभवणाणं बारसहस्सं तु सुद्धपणुवीसं।
बहलं तिसय तिपादं बहलतिभागुदयकूडं च॥ २९८॥

ज्येष्ठावरभवनयोः द्वादशसहस्रं तु शुद्धपंचविंशतिः।
बाहल्यं त्रिशतं त्रिपादं बाहल्यत्रिभागोदयकूटं च॥ २९८॥

अर्थ—ज्येष्ठ अर जघन्य भवननिका विस्तार अठारह हजार अर शुद्ध पचीस योजन है। बाहुल्य तीनसै अर त्रिपाद योजन है। बाहुल्यका तीसरा भाग प्रमाण ऊंचा कूट है। **भावार्थ।** उत्कृष्ट भवन है सो तो बारह हजार योजन चौड़ा तीन सै योजन पृथ्वीतें छाति पर्यंत ऊंचा है। बहुरि तिन भवननिविर्षे जेता ऊंचाईका प्रमाण कह्या ताके तीसरा भाग प्रमाण ऊंचा कूट पाइए हैं। इस कूट ऊपरि जिन मंदिर हैं॥ २९८॥

जेट्ठभवणाण परिदो वेदी जोयणदलुच्छिया होदि।
अवराणं भवणाणं दंडाणं पण्णुवीसुदया॥ २९९॥

ज्येष्ठभवनानां परितः वेदी योजनदलोच्छ्रिता भवति।
अवराणां भवनानां दंडानां पंचविंशत्युदया॥ २९९॥

अर्थ—उत्कृष्ट भवननिके चौगिरद आध योजन ऊंची वेदी है। जघन्य भवननिके पचीस धनुष ऊंची वेदी है। जैसे बागके चौगिरद भीति हो है तैसे जो होइ ताका नाम वेदी जानना॥२९९।

वट्टादीण पुराणं जोयणलक्खं कमेण एक्कं च ।
आवासाणं विसयाहियबारसहस्स य तिपादं ॥ ३०० ॥

वृत्तादीनां पुराणां योजनलक्षं क्रमेण एकं च ।
आवासानां द्विशताधिकद्वादशसहस्राणि च त्रिपादम् ॥ ३००

अर्थ—गोल आदि आकार रूप जे पुर तिनका क्रम करि उत्कृष्ट विस्तार लक्ष योजन है॥ जघन्य विस्तार एक योजन है। बहुरि गोल आदि आकार रूप जे आवास तिनका उत्कृष्ट विस्तार दोयसै अधिक बारह योजन है। जघन्य विस्तार पौण योजन है ॥ ३०० ॥

आगैं तीनप्रकार निलयनिका विशेषस्वरूप अर व्यंतरनिके आहार उश्वास ताकौं कहैं हैं;—

भवणावासादीणं गोउरपायारणच्चणादिघरा ।
भोम्माहारुस्सासा साहियपणदिण मुहुत्ता य ॥ २०१ ॥

भवनावासादीनां गोपुरप्राकारनर्तनादिगृहाणि ।
भौमाहारोच्छ्वास: साधिकपंचदिनानि मुहूर्ताश्च ॥ ३०१ ॥

अर्थ—भवन आवासादिकनिकैं दरवाजे कोट नृत्य आदिक ग्रह पाईए है। बहुरि भौमतैं व्यंतर तिनकैं आहार किछू अधिक पांच दिन भए अर उश्वास किछू अधिक पांच मुहूर्त भए जाननां॥ इति व्यंतरलोक अधिकार समाप्त भया ॥ ३०१ ॥

इति श्री **नेमिचंद्राचार्य** विरचित **त्रिलोकसारमें** व्यन्तरलोकका अधिकार समाप्त भया ।३।



अथ ज्योतिर्लोकाधिकार ॥ ४ ॥



अथ व्यंतरलोकके अधिकारको निरूपण करि ताकै अनंतर उद्देशकों प्राप्त ज्यो ज्योतिष्क-लोकका अधिकार निरूपण करनेका है अभिप्राय जाकै ऐसा आचार्य सो ताकी आदिविषैं प्रथम ज्योतिष्कनिविषै बिंबनिकी संख्या दिखावनेकेलिए ज्योतिष्क लोकके चैत्यालयनिकौं नमस्कार रूप मंगल करै है;—

बेसदछप्पण्णंगुलकदिहिदपदरस्स संखभागमिदे ।
जोइसजिणिंदगेहे गणणातीदे णमंसामि ॥ ३०२ ॥
द्विशतषट्पंचाशदंगुलकृतिहितप्रतरस्य संख्यातभागमितान् ।
ज्योतिष्कजिनेन्द्रगेहान् गणनातीतान्नमस्यामि ॥ ३०२ ॥

अर्थ—दोयसै छप्पन अंगुलका वर्गका भाग जगत्प्रतरकौं दिएं जो प्रमाण होइ ताके संख्यातवें भाग प्रमाण असंख्याते जिनेन्द्र मंदिर तिनकों नमस्कार करौं हौं । भावार्थ—दोयसै छप्पनका वर्ग पणट्ठी ६५५३६ सूच्यंगुलका वर्ग प्रतरांगुल सो पणट्ठी प्रमाण प्रतरांगुलका भाग जगत्प्रतरकौं दिएं जो प्रमाण होय तितनें ज्योतिषी है । बहुरि संख्यात ज्योतिषी एक बिंबविषै पाइए एक एक बिंबविषैं एक एक चैत्यालय पाइए तातैं ज्योतिषीनिकै प्रमाणकौं संख्यातका भाग दिएं बिंबनिका वा चैत्यालयनिका प्रमाण आवै है तिन चैत्यालयनिकौं नमस्कार करौं हौं ॥ ३०२ ॥

आगैं तिन बिंबनिविषैं तिष्ठते ज्योतिष्कनिका भेद कहै हैं;—

चंदा पुण आइच्चा गह णक्खत्ता पइण्णतारा य ।
पंचविहा जोइगणा लोयंतघणोदहिं पुट्ठा ॥ ३०३ ॥
चंद्राः पुनः आदित्या ग्रहा नक्षत्राणि प्रकीर्णकताराश्च ।
पंचविधा ज्योतिर्गणा लोकांतघनोदधिं स्पृष्टवंतः ॥ ३०३ ॥

अर्थ—चंद्रमा १ सूर्य १ ग्रह १ नक्षत्र १ प्रकीर्णक तारा १ ऐसें पांच प्रकार ज्योतिष्क समूह हैं । ते लोकके अंत घनोदधि वातवलयकौं स्पर्शते हैं । भावार्थ—पूर्व पश्चिम अपेक्षा घनोदधि वातवलय पर्यंत ज्योतिष्कबिंब पाईए हैं ॥ ३०३ ॥

आगैं द्वीप समुद्रनिकैं निरूपण विना ज्योतिष्क निरूपण संभवै नाहीं तातैं ज्योतिष्क बिंबनिके आधारभूत जे द्वीप समुद्र तिनकों च्यारि गाथानिकरि कहै हैं;—

जंबूधादगिपुक्खरवारुणिखीरघदखोदवरदीओ ।
णंदीसरअरुणअरुणब्भासा वर कुंडलो संखो ॥ ३०४ ॥
जंबूधातकिपुष्करवारुणिक्षीरघृतक्षौद्रवरद्वीपाः ।
नंदीश्वरारुणारुणाभासा वराः कुंडलः शंखः ॥ ३०४ ॥

अर्थ—जंबूद्वीप १ धातुकीखंडद्वीप १ पुष्करवर १ वारुणिवर १ क्षीरवर १ घृतवर १ क्षौद्रवर १ नंदीसुर द्वीपवर १ अरुणवर १ अरुणाभासवर १ कुंडलवर १ शंखवर ॥ ३०४ ॥

तो रुजगभुजगकुसगयकोंचवरादी मणसिला तत्तो ।
हरिदालदीवसिंदुरसियामगंजणयहिंगुलिया ॥ ३०५ ॥

ततो रुचकभुजगकुशगक्रौंचवरादयः मनःशिला ततः ।
हरितालद्वीपसिंदूरश्यामकांजनकहिंगुलिकाः ॥ ३०५ ॥

अर्थ—तहां पीछे रुचकवर १ भुजगवर १ कुशगवर १ क्रौंचवर १ ए अभ्यंतरके सोलह द्वीप हैं तातैं परैं बीचमें असंख्यात द्वीप समुद्र हैं तिनकों छोड़ी अंतके सोलह द्वीपनिके नाम कहे हैं। तहां पीछे मनः शिलाद्वीप १ हरिताल द्वीप १ सिंदूरवर १ श्यामवर १ अंजनवर १ हिंगुलिकवर १ ॥ ३०५ ॥

रूप्पसुवण्णयवज्जयवेलुरियणागभूदजक्खवरा ।
तो देवाहिंदवरा सयंभुरमणो हवे चरिमो ॥ ३०६ ॥

रूप्यसुवर्णकवज्रवैडूर्यकनागभूतयक्षवराः ।
ततो देवाहींद्वरौ स्वयंभूरमणो भवेत् चरमः ॥ ३०६ ॥

अर्थ—अथ रूप्यवर १ सुवर्णवर १ वज्रवर १ वैडूर्य्यवर १ नागवर १ भूतवर १ यक्षवर १ देववर १ अहीन्द्रवर १ स्वयंभूरमण १ अंत विषै जाननां ॥ ३०६ ॥

लवणंवुहि कालोदयजलही तत्तो सदीवणामुवही ।
सव्वे अड्डाइज्जुद्धारुवहीमेत्तया होंति ॥ ३०७ ॥

लवणांबुधिः कालोदकजलधिः ततः स्वदीपनामोदधयः ।
सर्वे अर्धतृतीयोद्धारोदधिमात्रा भवंति ॥ ३०७ ॥

अर्थ—समुद्रनिके नाम कहै हैं जंबूद्वीपकै परिखेपी लवणसमुद्र। बहुरि धातुकी खंडकै कालोदक समुद्र बहुरि अन्य द्वीपनिकै अपने अपने द्वीपका जो नाम तिसही नामके धारक समुद्र जानने। बहुरि ते सर्व द्वीप समुद्र कितने हैं अढाई उद्धार सागर प्रमाण हैं। भावार्थ—दश कोडा कोडि दूसरी उद्धार पल्यका एक उद्धार सागर होइ। ऐसे अढाई सागरके जेते रोम तितने द्वीप समुद्र हैं ॥ ३०७ ॥

अब तिन द्वीप समुद्रनिका विस्तार वा आकार निरूपैं हैं;—

जंबू जोयणलक्खो वट्टो तद्दुणदुगुणवासेहिं ।
लवणादिहिं परिखित्तो सयंभुरमणुवहियंतेहिं ॥ ३०८ ॥

जंबू योजनलक्षः वृत्तः तद्द्विगुणद्विगुणव्यासैः ।
लवणादिभिः परिक्षिप्तः स्वयंभूरमणोदध्यंतैः ॥ ३०८ ॥

अर्थ—जंबूद्वीप लक्ष योजन है बहुरि वृत्त कहिए गोल है। बहुरि तातै दूणा दूणा व्यास संयुक्त जे लवण समुद्रादिक स्वयंभूरमण समुद्र पर्यंत द्वीप समुद्र तिनकरि परिक्षिप्त कहिए वेष्टित

है। भावार्थ—सर्व द्वीप समुद्रनिके बीचि जंबूद्वीप है सो गोल है। ताकी मध्य विषै चौड़ाईका प्रमाण लक्ष योजन है ताकौं वेढैं लवण समुद्र है सो तातैं दूणा दोय लाख योजन व्यास संयुक्त है। ताकौं वेढैं धातुकीखंड द्वीप है। सो तातैं दूणा च्यारि लाख योजन व्यास संयुक्त है। याही प्रकार द्वीपकौं समुद्र वेढ्यां समुद्रकौं द्वीप वेढ्यां दूणा दूणा विस्तार लिए स्वयंभूरमण समुद्र पर्यंत द्वीप समुद्र गोल आकार जानने ॥ ३०८ ॥

आगैं तहां इच्छित द्वीपका वा समुद्रका सूची व्यास अर वलय व्यास ल्यावनेकौं करणसूत्र कहै हैं;-

रूऊणाहियपदमिदुगसंवग्गे पुणोवि लक्खहदे।
गयणतिलक्खविहीणे वासो वलयस्स सूइस्स ॥ ३०९ ॥

रूपोनाधिकपदमितद्विकसंवर्गे पुनरपि लक्षहते।
गगनत्रिलक्षविहीने व्यासो वलयस्य सूचेः ॥ ३०९ ॥

अर्थ—द्वीप समुद्रनिका इष्ट गच्छका जो प्रमाण ताकौं एक जायगा एक घाटि अर एक जायगा एक बधि करि तितने दूए इनिकौं परस्पर गुणे जो प्रमाण होइ ताकौं लाख करि गुणि एक जायगा शून्य एक जायगा तीन लाख घटाइये तब वलयका अर सूचीका व्यास होइ। भावार्थ—इष्ट द्वीप वा समुद्रतैं पहला जो समुद्र वा द्वीप तिहका अंत तट अर ताके सन्मुख इष्ट द्वीप व समुद्रका अंत तट इन दोऊनिकै बीचि जो क्षेत्रका प्रमाण सो वलय व्यास जानना, बहुरि इष्ट द्वीप या समुद्रका सन्मुख दोऊ अंत तटनिके बीच जो क्षेत्र सो सूची व्यास जानना। जैसे कालोदक समुद्रतैं पहला धातुकीखंड द्वीप है सो धातुकीखंडका अंत तट अर कालोदकका अंत तटके बीचि जो क्षेत्रका प्रमाण सो तो वलय व्यास है। बहुरि कालोदकका सन्मुख दोय अंत तट तिनिकै बीचि जंबूद्वीप अर दोऊ दिशा सबंधी लवणोद धातुकीखंड कालोदका व्यास जोडैं जो क्षेत्र होइ सो कालोदका सूची व्यास है। ऐसेही सर्वत्र जानना। अब इनके ल्यावनेका विधान कहिए है। इष्ट द्वीप व समुद्र जेथवां होइ तीह प्रमाण इहां गच्छ जानना। तामैं एक घटाएं जो प्रमाण होइ ताका विरलन करिए एक एक करि वखेरिए। बहुरि एक एक प्रति दोय दोय दीजिये बहुरि तिनकौं परस्पर गुणिएं ऐसे करतें जो प्रमाण होइ ताकौं लक्ष करि गुणिए तामैं बिंदी घटाइये ऐसे करतें इष्ट द्वीप वा समुद्रका वलय व्यास आवै है। ताका उदाहरण—जैसे जंबूद्वीपतैं लगाय कालोदक समुद्र चौथा है सो गछ प्रमाण च्यारि भया तामैं एक घटाएं तीन सो तीनका विरलन करिए १।१।१। बहुरि एक एक प्रति दोय दोय दीजिए।२।२।२। बहुरि इनकौं परस्पर गुणि तब आठ होइ। इनकौं लक्ष करि गुणे आठलाख होइ तामैं बिन्दी घटाए भी तितने ही रहैं सो कालोदकका वलय व्यास आठलाख योजन है बहुरि इष्ट द्वीप वा समुद्र जेथवां होइ तिस प्रमाण गछतैं एक अधिक प्रमाणका विरलन करि एक एक प्रति दोय दोइ परस्पर गुणि जो प्रमाण होइ ताकौं लक्ष करि गुणि तामैं तीन लाख घटाए इष्ट द्वीप वा समुद्रका सूची व्यास हो है। ताका उदाहरण—जैसे कालोदक समुद्र चौथा है। सो गच्छका प्रमाण च्यारि तामैं एक मिलाएं पांच सो पांचका विरलन करि १।१।१।१।१। एक एक प्रति दोय २।२।२।२।२। इन परस्पर गुणें बत्तीस होइ इनकौं लक्ष करि गुणें बत्तीस लाख

होइ इनमें तीन लाख घटाए गुणतीस लक्ष योजन प्रमाण कालोदक समुद्रका सूचीव्यास है अब यह करण सूत्र कैसें कथा सो वासना कहिए हैं । तहां वलय व्यासकी वासना ऐसी जंबूद्वीपका व्यास लक्षयोजन तातैं दूणा दूणा लवण समुद्रादिकका व्यास है तातें एक गछ प्रमाण दुवा परस्पर गुणि लब्ध प्रमाणकों जंबूद्वीपका व्यास करि गुणें इष्ट स्थानविषै व्यास हो है इहां किछू हीन अधिक करना नाहीं ताते गगन हीन कहिए त्रिदी घटावना क बहुरि सूचीव्यासकी वासना ऐसी है । इष्ट द्वीप वा समुद्रका जो वलय व्यास ताकों दोऊ स दिशा संबंधी व्यास मिलावनेतें दूणा स्थापिए बहुरि तातें पहले जे द्वीप वा समुद्र तिनका दिशा संबंधी व्यास मिलाइ दूणा दूणा वलय व्यास स्थापिए । बहुरि जंबूद्वीपके दोय दिशा सं

कालोदि १६
धातुकी ८
लवणद्वि ४
तीन स्थान ०
जंबूद्वीप १
२९


व्यास नाहीं तातें वलय व्यासका प्रमाणही स्थापनां । बहुरि दूसरे स्थानि स्थापन करना जैसे कालोदकका सूची व्यास ल्यावनेका ऐसें स्थापन कर ऐसे स्थापन किएं द्वितीय स्थानविषै शून्यकी जायगा दोय लाख मि गछतैं एक अधिक स्थानभए ऐसे चारि एक अधिक गछका परस्पर गु कथा । बहुरि पदमेत्ते गुणयारे इत्यादि सूत्र करि जोड दिए तहां दोय ए तो दूसरा स्थानका अर रूवपरिहीणे इस वचन करि एक लाख ए इन दोऊ ऋण घटावनेकों ह लाखका घटावना कथा ऐसे करते इष्ट स्थानविषैं सूचीव्यास हो है ॥ ३०९ ॥

तैसे ही अभ्यन्तर मध्यम बाह्य सूचीव्यास ल्यावनेकों करण सूत्र कहैं हैं;—

लवणादीणं वासं दुगतिगचदुसंगुणं तिलक्खूणं ।
आदिममज्झिमबाहिरसूइत्ति भणंति आइरिया ॥ ३१० ॥

लवणादीनां व्यासं द्विकत्रिकचतुःसंगुणं त्रिलक्षोनम् ।
आदिममध्यमबाह्यसूची इति भणंति आचार्याः ॥ ३१० ॥

अर्थ—लवणादिक समुद्र वा द्वीपनिका वलय व्यासकों दोय तीन च्यारि गुणा करि तामें तीन लाख घटाए, अभ्यन्तर मध्य बाह्य सूची व्यास होइ ऐसे अर्थ कहै हैं । भावार्थ—इष्ट द्वीप वा समुद्रकै सन्मुख आदिके दोऊ तटनिके वीचि जो क्षेत्र प्रमाण सो अभ्यन्तर सूची व्यास जानना । बहुरि इष्ट द्वीप वा समुद्रके सन्मुख दोऊ दिशा संबंधी मध्य प्रदेशनिके वीचि जो क्षेत्र प्रमाण सो मध्य सूची व्यास जानना । बहुरि इष्ट द्वीप वा समुद्रकै सन्मुख अंतके दोऊ तटनिके वीचि जो क्षेत्रप्रमाण सो बाह्यसूची व्यास जानना । तहां लवण समुद्रादिक विषै इष्ट द्वीप वा समुद्रका वलय व्यासकों दूणा करि तामें तीन लाख घटाए अभ्यन्तर सूची व्यास हो है । ऐसें



कैसें है—विवक्षित द्वीप वा समुद्रका दोऊ दिशाका मिलाया दूणा वलय व्यास सो तातें अभ्यन्तरवर्ती जे पहले सर्व द्वीप वा समुद्र तिनका दोऊ दिशा संबंधी वलय व्यास जोडें जो प्रमाण है तातें तीन लाख अधिक हो है बहुरि इहां अभ्यन्तरवर्ती पहले द्वीप समुद्रनिका दोऊ दिशा संबंधी


वलय व्यास मिलाएं जो विवक्षित द्वीप समुद्रका अभ्यन्तर सूचीव्यास हो है। ताकौं दोऊ दिशाका अपेक्षा करि विवक्षित द्वीप समुद्रका वलय व्यासकौं दूणा करि तामैं तीन लाख घटाएं अभ्यन्तर सूची व्यासका प्रमाण कह्या। बहुरि विवक्षित द्वीप समुद्रका वलय व्यासकौं तिगुणा करि तामैं तीन लाख योजन घटाएं मध्यम सूची व्यास हो है। सोई कहिए है। विवक्षित द्वीप वा समुद्रका वलय व्यासकौं दूणा किए तामैं तीन लाख घटाएं अभ्यन्तर सूची व्यास हो है। तिह अभ्यन्तर सूची व्यासका प्रमाणविषै विवक्षित द्वीप वा समुद्रका दोय दिशानिका वलय व्यासका आधा आधा प्रमाण मिलि संपूर्ण वलय व्यास हूवा ताकौं मिलाएं तिगुणा वलय व्यास तीन लाख घाटि प्रमाण मध्यम सूची व्यास हो है। बहुरि विवक्षित द्वीप वा समुद्रका वलय व्यासकौं चौगुणा करि तामैं तीन लाख योजन घटाएं बाह्य सूची व्यास हो है सोई कहिए है। विवक्षित द्वीप वा समुद्रका दूणा वलय व्यासमैं तीन लाख घटाएं अभ्यन्तर सूची व्यास हो है तिहविषै विवक्षित द्वीप वा समुद्रका दोऊ दिशा संबंधी वलय व्यास मिलैं दूणा वलय व्यास मिलाएं चौगुणा वलय व्यास तीन लाख घाटि योजन प्रमाण बाह्य सूची व्यास हो है। ऐसा आचार्यका अभिप्राय है॥३१०॥

आगैं कह्या जो सूचीव्यास ताकी अपेक्षा करि तिस तिस क्षेत्रका बादर सूक्ष्म परिधि बहुरि बादर सूक्ष्म क्षेत्रफल ल्यावनेकौं करण सूत्र कहै हैं;—

तिगुणियवासं परिही दहगुणविक्खंभवग्गमूलं च।
परिहिहदवासतुरियं बादर सुहुमं च खेत्तफलं ॥ ३११ ॥

त्रिगुणितव्यासः परिधिः दशगुणविस्तारवर्गमूलं च।
परिधिहतव्यासतुरीयं बादरं सूक्ष्मं च क्षेत्रफलम् ॥ ३११ ॥

अर्थ—तिगुणा व्यासप्रमाण बादर परिधि है बहुरि दश गुणा व्यासका जो वर्ग ताका मूल प्रमाण सूक्ष्म परिधि हो है। बहुरि परिधिकौं व्यासकी चौथाई करि गुणैं बादर वा सूक्ष्म



क्षेत्रफल हो है। **भावार्थ**—परिधिका गिरदका जो प्रमाण सो परिधि कहिए बहुरि समकोटका जो प्रमाण सो क्षेत्रफल कहिए। जैसे योजन रूप क्षेत्रफल होइ सो एक एक योजनके खंड जेते होहिं तितना क्षेत्र फल जानना। ऐसेही अंगुलादि रूप जानना। तहां जो स्थूलपने करि कहिए सो बादर जानना बहुरि तारतम्य करि सूक्ष्मपने करि कहिए सो सूक्ष्म जानना तहां व्यासका जो प्रमाण ताकौं तिगुणा करि बादर परिधि हो है। सो जंबूद्वीपका लक्ष योजन प्रमाण व्यासकौं तिगुणा किए तीन लाख योजन प्रमाण परिधि हो है बहुरि व्यासका जो प्रमाण ताका वर्ग करिए बहुरि ताकौं दस गुणा करिए जो प्रमाण होइ ताका वर्ग मूल करिए तब सूक्ष्म परिधि हो है सो जंबूद्वीपका लक्ष योजन व्यास ताका वर्ग हजार कोडि योजन हो है। ताकौं दश गुणा किए दश हजार कोडि होइ है। १०००००००००००० बहुरि अंक विषमनै कृति कोडि इत्यादि विधान करि याका वर्ग मूल करिए तब तीन लाख सोलह हजार दोय सै सत्ताईस योजन होइ—३१६२२७ बहुरि अवशेष च्यारि लाख चौरासी हजार चार सै इकहत्तरि योजन रहे तिनकौं चौगुणा करि कोश करिए तब उगणीस लाख सैंतीस हजार

आटसै चौरासी १९३७८८४ कोश हुए तिनकों दूणा मूल अंक भए पैतिस प्रमाण छह लाख बत्तीस हजार च्यारिसै चौवन ६३२४५४ ताका भाग दिएं तीन कोश होइ बहुरि अवशेष चालीस हजार पांचसै बाईस कोश रहे—४०५२२ तिनकों दोय हजार गुणा करि इनके धनुष करिए तब आठ कोडि दश लाख चवालीस हजार धनुष होइ तिनकों पूर्व भाग हारका भाग दिए एक सौ अठाईस धनुष भए बहुरि अब शेष धनुष तियासी हजार आटसै अठ्यासी तिनकों चौगुणा करि हाथ करिए तब तीन लाख गुणसठि हजार पांचसै बारह हस्त होइ सो इन विषैं पूर्व भागहार संभवै नाही तातैं इनकों चौबीस गुणा करि अंगुल करिए तब छियासी लाख गुणतीस हजार दोयसै अडतालीस ८६२९२४८ अंगुल होइ इनकों पूर्व भागहारका भाग दिएं तेरह अंगुल होइ। बहुरि अवशेष अंगुल च्यारि लाख सात हजार तीनसै छियालीस सो तो भाज्य अर पूर्वोक्त छह लाख बत्तीस हजार च्यारि हजार चार सै चौवन दोयनिकों तीन लाख सोलह हजार दोइ सै सताइस करि अपवर्त्तन किएं भाज्य किछू अधिक एक अर भाग हार दोइ होइ ऐसे किछू अधिक अंगुल भया। या प्रकार जंबूद्वीपका सूक्ष्म परिधि तीन लाख सोलह हजार दोयसै सताईस योजन तीन कोश एक सौ अठाईस धनुष किछू अधिक साढा तेरह अंगुल प्रमाण आया। बहुरि स्थूल परिधिका प्रमाण करि व्यासका चौथा भागकों गुणें बादर क्षेत्रफल हो है। सो जंबूद्वीपका स्थूल परिधि तीन लाख योजन तीह करि व्यास एक लाखकी चौथाई पचीस हजार योजन गुणें सातसै पचास कोडि योजन प्रमाण जंबूद्वीपका बादर क्षेत्रफल हो है। बहुरि सूक्ष्म परिधिका प्रमाण करि व्यासका चौथा भाग गुणें सूक्ष्म क्षेत्र फल हो है। सो जंबूद्वीपका सूक्ष्म परिधि विषैं तीन लाख सोलह हजार दोयसै सत्ताईस योजन तिनकौं व्यासकी चौथाई पचीस हजार करि गुणें सातसै निवै कोडि छप्पन लाख पिचहत्तरि हजार ७९०५६७५००० भए बहुरि तीन कोशकौं व्यासकी चौथाई कर गुणें पिचहत्तरि हजार कोश हुआ इनकों च्यारिका भाग दिएं अठारह हजार सात सै पचास योजन भए तिनकों पूर्वोक्त योजननिमैं मिलाइए ७९०५६९३७५० बहुरि एक सौ अठाईस धनुष तिनकों व्यासकी चौथाई करि गुणें बत्तीस लाख धनुष हूवा इनकों आठ हजारका भाग देइ योजन किए च्यारिसै योजन होइ सोभी तिन योजननिविषै मिलाइये ७९०५६९४१५० बहुरि तेरह अंगुल अर किछू अधिक आध अंगुल इनकों समछेद करि मिलाए सत्ताईसका आधा हुवा $\frac{२७}{२}$ बहुरि दोय करि तिर्यग अपवर्त्तन करि पचीस हजारका आधा साढा बारह हजार करि सत्ताईसकों गुणें तीन लाख सैंतीस हजार पांचसै अंगुल भए इनकों एक कोशके अंगुल एक लाख बाणवे हजार तिनका भाग दिए साधिक एक कोश होइ। या प्रकार जंबूद्वीपका सूक्ष्म क्षेत्रफल सातसै निवै कोडि छप्पन लाख चौराणवै हजार एक सौ पचास योजन अर साधिक एक कोश प्रमाण आया। ऐसे ही सर्व द्वीप समुद्रनिका स्थूल सूक्ष्म क्षेत्रफल ल्यावनां ॥३११॥

आगैं जंबूद्वीपका सूक्ष्म परिधिका सिद्ध भए अंक कहैं हैं;—

जोयण सगदुदु छक्किगि तिदयं तिकोसमडदुगि दंडा।
अद्दियदलंगुलतेरस जंबूए सुहुमपरिणाहो ॥ ३१२ ॥

योजनानां सप्तद्विद्वि षडेकं त्र्यं त्रिकोशा अष्टद्वयेके दंडाः।
अधिकदलाङ्गुलत्रयोदश जंबौ सूक्ष्मपरिणाहः ॥ ३१२ ॥

अर्थ—योजननिके सात दोय दोय छह एक तीन ए अंक है ३१६२२७ बहुरि तीन कोश बहुरि आठ दोय एक इन अंक १२८ रूप धनुष बहुरि साधिक आधा तेरह अंगुल इतना सर्व जंबूद्वीपका सूक्ष्म परिधिका प्रमाण है ॥ ३१२ ॥

आगैं तिसही जंबूद्वीपके सूक्ष्म क्षेत्रफलके सिद्ध भए अंक कहै हैं;—

पण्णासमेक्कदालं णव छप्पणासगुण्ण णवसट्ठी।
साहियकोसं च हवे जंबूदीवस्स सुहमफलं ॥ ३१३ ॥

पंचाशदेकचत्वारिंशन्नवपद् पंचाशच्छून्यं नवसप्ततिः।
साधिकक्रोशश्च भवेज्जंबूद्वीपस्य सूक्ष्मफलम् ॥ ३१३ ॥

अर्थ—पचास इकतालीस नव छप्पन शून्य गुण्यासी ए तो योजननिके अंक हैं ७९० ५६९४१५० बहुरि साधिक एक कोश इतना जंबूद्वीपका सूक्ष्म क्षेत्रफल है ॥ ३१३ ॥

आगैं जंबूद्वीपका परिधिकी अपेक्षा करि विवक्षित द्वीप वा समुद्रका परिधि ल्यावनेंकों करण सूत्र कहै है;—

जंबूउभयं परिही इच्छियदीउवहिसूइ संगुणिय।
जंबूवासविभत्ते इच्छियदीउवहिपरिही दु ॥ ३१४ ॥

जंबूभयं परिधी इष्छितद्वीपोदधिसूच्या संगुण्य।
जंबूव्यासविभक्ते ईप्सितद्वीपोदधिपरिधी तु ॥ ३१४ ॥

अर्थ—जंबूद्वीपका स्थूल सूक्ष्म दोउ परिधिकों विवक्षित द्वीप वा समुद्रका सूची व्यास करि गुणि जंबूद्वीपके व्यासका भाग दिएं विवक्षित द्वीप वा समुद्रका स्थूल वा सूक्ष्म परिधि हो है। ताका उदाहरण। जंबूद्वीपका स्थूल परिधि तीन लाख ३ योजन ताकों लवण समुद्रका सूची व्यास पांच लाख योजन करि गुणें १५ लक्ष जंबूद्वीपका व्यास लाख योजन ताका भाग दीएं लवण समुद्रका स्थूल परिधि पंद्रह योजन प्रमाण हो है। बहुरि जंबूद्वीपका स्थूल परिधिकों धातुकी खंडका सूची व्यास तेरह लाख योजन करि गुणें जंबूद्वीपका व्यासका भाग दिए धातुकी खंडका स्थूल परिधि गुणतालीस लाख योजन हो है। बहुरि जंबूद्वीपका सूक्ष्म परिधि तीन लाख सोलह हजार दोयसै सत्ताईस योजन तीन कोश एकसै अठाईस धनुष किछू अधिक साढा तेरह अंगुल तिनकों लवण समुद्रका सूची व्यास करि गुणें जंबूद्वीपके व्यासका भाग दिएं लवण समुद्रका सूक्ष्म परिधि पंद्रह लाख इक्यासी हजार एक सौ गुणतालीस योजनादि प्रमाण हो है। ऐसे ही जंबूद्वीपके स्थूल परिधिका धातुकी खंडका सूची व्यास करि गुणें जंबूद्वीपके व्यासका भाग दिएं धातुकी खंडका सूक्ष्म परिधि हो है। ऐसेही अन्य द्वीप वा समुद्रनिका स्थूल सूक्ष्म परिधि ल्यावना ३१४

अब स्थूल सूक्ष्म क्षेत्रफलकों ल्यावनेकों करण सूत्र कहै हैं;—

अंताइसूइजोगं रुंदद्ध गुणित्त दुप्पडिं किचा ।
तिगुणं दसकरणिगुणं बादरसुहुमं फलं वलये ॥ ३१५ ॥
अंतादिसूचियोगं रुंदार्धेन गुणयित्वा द्विःप्रतिं कृत्वा ।
त्रिगुणं दशकरणिगुणं बादरसूक्ष्मं फलं वलये ॥ ३१५ ॥

अर्थ—अंत सूची तौ बाह्य सूची व्यास अर आदि सूची अभ्यंतर सूची व्यास इन दोऊनिके प्रमाणका जु योग कहिए जोड़ ताकौं रुद कहिए वलय व्यास ताका अर्थ प्रमाण करि गुणिए जो प्रमाण होइ ताहि द्विः प्रति कृत्वा कहिए दोय जायगा स्थापि करि तिस प्रमाणकौं एक जायगा तौ तिगुणा करिए तब बादर क्षेत्रफल होइ एक जायगा दश करि गुणा करिए जो प्रमाण था ताका वर्ग करि ताकौं दश गुणा करि ताका वर्गमूल ग्रहण करिए । जिस राशिका वर्गमूल ग्रहण करना होइ ताकौं करणि कहिए । ऐसे किए सूक्ष्म क्षेत्रफल हो है या प्रकार वलय वृत्त जो गोलका परिक्षेपी गोल क्षेत्र तिह विर्षे बादर अर सूक्ष्म क्षेत्रफल हैं ताका उदाहरण लवण समुद्रका बाह्य सूची व्यास पंच लाख योजन अभ्यन्तर सूची व्यास एक लाख योजन इन दोऊनिकौं जोड़ें छह लाख भए इनकौं रुंद जो वलय व्यास इनकौं दोय लाख योजन ताका आधा एक लाख तिह कर गुणिए तब छह हजार कोड़ि भए सो इनकौं दोय जायगा स्थापि एक जायगा तिगुणा करिए तब लवण समुद्रका बादर क्षेत्रफल अठारह हजार कोड़ि योजन प्रमाण हो है । बहुरि एक जायगा तिह छह हजार कोड़िका वर्ग करि दश गुणा करिए तब छत्तीस कोड़ा कोड़ि भए इनका वर्गमूल ग्रहण किएं अठारह हजार नवसै तहेतरि कोड़ि छ्यासठि लाख गुणसठि हजार छैसै दश १८९७३६६५९६१० योजन प्रमाण समुद्रका सूक्ष्म क्षेत्र फल हैं ऐसे ही अन्य द्वीप वा समुद्रनिका बादर सूक्ष्म क्षेत्रफल ल्यावनां ॥ ३१५ ॥

आगैं जंबूद्वीप प्रमाण करि लवण समुद्रादिकनिके खंड ल्यावनेंकौं करण सूत्र कहै हैं;—

बाहिरसूईवग्गं अब्भंतरसूइवग्गपरिहीणं ।
जंबूवासविभत्ते तत्तियमेत्ताणि खंडाणि ॥ ३१६ ॥
बाह्यसूचीवर्गः अभ्यन्तरसूचिवर्गपरिहीनः ।
जंबूव्यासविभक्तः तावन्मात्राणि खंडानि ॥ ३१६ ॥

अर्थ—बाह्य सूची व्यासका जो वर्ग तामैं अभ्यन्तर सूची व्यासका वर्ग घटाए जो प्रमाण होइ ताकौं जंबूद्वीपके व्यासका भाग दीजिए सो वर्ग राशिके गुणकार भाग हार वर्ग रूप ही होइ। इस न्याय करि इहां भी वर्ग राशि है तातैं जंबूद्वीपके व्यासका जो वर्ग ताका भाग दीजिए दीएं आवतें जो प्रमाण आवै तावन्मात्र जंबूद्वीप समान खंड जानने। ताका उदाहरण—लवण समुद्रका बाह्य सूची व्यास पांच लाख योजन ताका वर्ग पचीस हजार कोड़ि तामैं अर अभ्यन्तर सूची एक लाख योजन ताका वर्ग एक हजार कोड़ि घटाएं चौईस हजार कोड़ि रहे याकौं जंबूद्वीपका व्यास एक लाख योजन ताका वर्ग एक हजार कोड़ि ताका भाग दिएं चौबीस भए सोई लवण समुद्रके जंबूद्वीपके समान खंड करिए तौ चौबीस खंड हो है। ऐसें ही अन्य द्वीप वा समुद्रनि विषैं जानने॥३१६॥

आगे अन्य प्रकार करि जंबूद्वीप समान गोल खंडनिको परण सूत्र रूप दोय गाथा कहै हैं;—

रूऊणसला बारससलागगुणिदे दु वलयखंडाणि ।
बाहिरसूइसलागा कदी तदंताखिला खंडा ॥ ३१७ ॥

रूपोनशलाका द्वादशशलाकगुणिता तु वलयखंडानि ।
बाह्यसूचीशलाका कृतिः तदंताखिलानि खंडानि ॥ ३१७ ॥

अर्थ—विवक्षित द्वीप वा समुद्रका वलय व्यास जितने लक्ष प्रमाण कह्या सोई इहां शलाकाका प्रमाण जाननां सो एक घाटि शलाकाका प्रमाणकों बारह करि गुणिए। बहुरि ताकों शलाका प्रमाण करि गुणिए तब जंबूद्वीप समान गोलखंड हो है।ताका उदाहरण। लवण समुद्रका वलय व्यास दोय लाख योजन है सो शलाकाका प्रमाण दोय जाननां। बहुरि एक घाटि शलाकाका प्रमाण एक ताकों बारह गुणा किएं बारह ताकों शलाका प्रमाण दोय करि गुणें चौवीस भए सोई लवण समुद्र विषैं जंबूद्वीप समान खंड कल्पें चौवीस हो हैं। ऐसैंही अन्यत्र जाननां। बहुरि बाह्य सूची व्यास जितने लक्ष प्रमाण होइ तीह प्रमाण सूची शलाका कहिए ताका वर्ग किएं जो प्रमाण होइ तितना जंबूद्वीपतैं लगाइ तिस विवक्षित द्वीप वा समुद्र पर्यंत क्षेत्र विषैं सर्व जंबूद्वीप समान खंडनिका प्रमाण जाननां। ताका उदाहरण—लवणसमुद्रका बाह्य सूची व्यास पांच लाख योजन है सो लवण समुद्रकी सूची शलाका पांच जाननी ताका वर्ग पचीस सोई जंबूद्वीपतैं लवण समुद्र पर्यंत सर्व क्षेत्र विषैं जंबूद्वीप समान पचीस खंड हो हैं। एक जंबूद्वीपका चौईस लवण समुद्रके ऐसें पचीस खंड जाननें॥ ३१७॥

याही प्रकार अन्यत्र भी जानने;—

बाहिरसूई वलयव्वासूणा चउगुणिदवाससहदा ।
इगिलक्खवग्गभजिदा जंबूसमवलयखंडाणि ॥ ३१८ ॥

बाह्यसूची वलयव्यासोना चतुर्गुणितव्यासहता ।
एकलक्षवर्गभक्ता जंबूसमवलयखंडानि ॥ ३१८ ॥

अर्थ—विवक्षित द्वीप वा समुद्रका बाह्य सूची व्यासका प्रमाणमैंसौ वलय व्यासका प्रमाण घटाइए। बहुरि ताकौं चौगुणा इए वलय व्यास करि गुणिएं। बहुरि एक लाखका वर्गका भाग दीजिए जो प्रमाण होइ तितनें जंबूद्वीप समान गोल खंड जानने। ताका उदाहरण। लवण समुद्रका बाह्य सूची व्यास पांच लाख योजन तामें वलय व्यास दोय लाख योजन घटाएं तीन लाख योजन ताकों चौगुणा वलय व्यास आठलाख करि गुणें चौईस हजार कोड़ि इनकों एक लाखका वर्ग एक हजार कोड़ि ताका भाग दिएं चौईस भए। सोई लवण समुद्र विषैं जंबूद्वीप समान खंड कल्पें चौईस हो हैं। ऐसें अन्यत्र जाननें॥ ३१८॥

आगें समुद्रनिका रसविशेष कहै हैं;—

लवणं वारुणितियमिदि कालदुगंतिमसयंभुरमणमिदि ।
पत्तेयजलसुवादा अवसेसा हौंति इच्छुरसा ॥ ३१९ ॥

लवणं वारुणित्रयमिति कालद्विकमंतिमस्वयंभूरमणमिति ।
प्रत्येकजलस्वादा अवशेषा भवंति इक्षुरसाः ॥ ३१९ ॥

अर्थ—लवण समुद्र वारुणी आदि तीन समुद्र ऐसे च्यारि समुद्र बहुरि कालोदक पुष्कर अंतका स्वयंभूरमण समुद्र ए तीन क्रमतैं प्रत्येक अपनें अपनें नामके अनुसारि स्वाद धरै है। बहुरि जल स्वाद धरै है । अवशेष इक्षुरस स्वादको धरै हैं । **भावार्थ**—लवण समुद्रविषै जो जल है ताका स्वाद लवण समान है । वारुणीवरविषैं स्वाद मदिरावत् है । क्षीरवरविषैं स्वाद दुग्धवत् है । घृतवरविषैं स्वाद घृतवत् है ऐसे च्यारि तो अपनें नामके अनुसारि रसकौं धरै है। बहुरि कालोदक पुष्करवर स्वयंभूरमण इन तीनों विषै जल है ताका स्वाद जल समान ही है। बहुरि असंख्यात समुद्र तिनविषैं जो जल है ताका स्वाद सांठेका रस समान है ॥ ३१९ ॥

आगैं तिन समुद्रनिविषैं जलचर जीवनिका संभवने न संभवनेकौं हेतुपूर्वक कहै हैं;—

जलयरजीवा लवणे कालेयंतिमसयंभुरमणे य ।
कम्ममहीपडिबद्धे ण हि सेसे जलयरा जीवा ॥ ३२० ॥

जलचरजीवा लवणे कालेऽतिमस्वयंभुरमणे च ।
कर्ममहीप्रतिबद्धे न हि शेषे जलचरा जीवाः ॥ ३२० ॥

अर्थ—जलचर जीव लवण समुद्रविषैं बहुरि कालोदकविषैं बहुरि अंतका स्वयंभू रमणविषैं पाईए हैं । जातैं ए तीन समुद्र कर्मभूमि संबंधी हैं । बहुरि अवशेष सर्व समुद्र भोगभूमि संबंधी हैं भोगभूमिविषैं जलचर जीवोंका अभाव है । तातैं इन तीन विना अन्य समुद्रनिविषै जलचर जीव नाहीं हैं ॥ ३२० ॥

आगैं स्थान निर्देश करि तीन समुद्रनिविषैं मत्स्यनिका शरीरकी अवगाहना कहै हैं;—

लवणदुगंतसमुद्दे णदीमुहुदहिम्हि दीह णव दुगुणं ।
दुगुणं पणसय दुगुणं मच्छे वासुदयमद्धकमं ॥ ३२१ ॥

लवणद्विकांत्यसमुद्रे नदीमुखोदधौ दैर्घ्यं नव द्विगुणं ।
द्विगुणं पंचशतं द्विगुणं मत्स्ये व्यासोदयौ अर्धक्रमौ ॥ ३२१ ॥

अर्थ—लवणादि दोय समुद्रनिविषैं बहुरि अंतका समुद्रविषैं जहां नदी प्रवेशका मुखविषैं बहुरि समुद्रका मध्यविषै क्रमतैं नव ताका दूणा तिनका दूणा पांचसै ताका दूणा मत्स्यनिका शरीर लंबा है । तातैं अर्द्ध प्रमाण व्यास है व्यासतै आधा शरीर ऊंचा है । **भावार्थ**—मत्स्यनिके शरीरनिकी लंबाई लवण समुद्रविषैं जहां नदीनिका प्रवेश हो है तहा तीरविषैं तौ नव योजन है। बहुरि समुद्रका मध्य भागविषैं अठारह योजन है। बहुरि कालोदक समुद्रविषै नदी प्रवेशरूप तीरविषैं तौ अठारह योजन अर मध्य भागविषै छत्तीस योजन है बहुरि स्वयंभू रमणविषै पांचसै योजन मध्यविषै हजार योजन है । बहुरि सर्वत्र जो लंबाईका प्रमाण कह्या तातैं आधा चौड़ाईका प्रमाण है । बहुरि चौड़ाईके प्रमाणतै आधा उंचाईका प्रमाण है ॥ ३२१ ॥

अब मनुष्य क्षेत्र इतर क्षेत्रके विभागका अर कर्मभूमि भोगभूमिकी मर्यादाकों प्राप्त होने जे दोय पर्वत तिनका स्वरूप निरूपण करता संता तिनहीके विभागकों दृढ करनेकों तीन गाथा कहै हैं;—

पुक्खरसयंभुरमणाणद्धे उत्तरसयंपहा सेला।
कुंडलरुचगद्धं वा सव्वे पुव्वं परिक्खित्ता॥ ३२२॥

पुष्करस्वयंभुरमणयोरर्धे उत्तरस्वयंप्रभौ शैलौ।
कुंडलरुचकार्धं वा सर्वे पूर्वं परिक्षिप्ताः॥ ३२२॥

अर्थ—पुष्करार्धविषै स्वयंभूरमणार्द्धविषै मानुषोत्तर स्वयंप्रभ पर्वत हैं। भावार्थ—पुष्कर नाम द्वीपका वलय व्यासका अर्द्ध भागविषै बीचि मानुषोत्तर नाम पर्वत है। बहुरि स्वयंभूरमण द्वीपका वलय व्यासका अर्द्धभागविषै बीचि स्वयंप्रभ नामा पर्वत है। कैसे हैं? कुंडल रुचकार्ध मिव कहिए जैसे कुंडल वर द्वीपविषै बीचि कुंडल गिरि है। बहुरि रुचक वर द्वीपकै बीचि रुचक गिर है तैसे ही जाननें। बहुरि ए सर्व पर्वत पूर्व अपनें अपनें अभ्यन्तरवर्ती जे द्वीप वा समुद्रनिकों परिक्षेप करि वेढि करि जैसे नगरकों वेढि कोट हो है तैसे तिष्टै हैं॥ ३२२॥

मणुसुत्तरोत्ति मणुसा मणुसुत्तरलंघसत्तिपरिहीणा।
परदो सयंपहोत्ति य जहण्णभोगावणीतिरिया॥ ३२३॥

मानुषोत्तरांतं मनुष्याः मानुषोत्तरलंघशक्तिपरिहीनाः।
परतः स्वयंप्रभांतं च जघन्यभोगावनितिर्यंचः॥ ३२३॥

अर्थ—मानुषोत्तर पर्वत पर्यंत अढाई द्वीपविषै ही मनुष्य हैं ते मनुष्य मानुषोत्तर, पर्वतकों उलंघन शक्तिकरि हीन हैं। मानुषोत्तर पर्वतकों उलंघि किसी मनुष्यकी जानेकी सामर्थ्य नाहीं। बहुरि इस मानुषोत्तर पर्वतके परें स्वयंप्रभ नामा पर्वत पर्यंत जघन्य भोगभूमियां तिर्यंच हैं॥ ३२३॥

कम्मावणिपडिबद्धो बाहिरभागो सयंपहगिरिस्स।
वरओगाहणजुत्ता तसजीवा होंति तत्थेव॥ ३२४॥

कर्मावनिप्रतिबद्धो बाह्यभागः स्वयंप्रभगिरेः।
वरावगाहनयुक्ताः त्रसजीवा भवंति तत्रैव॥ ३२४॥

अर्थ—स्वयंप्रभ नामा पर्वततै परे जो बाह्य भाग सो कर्म्म भूमि संबंधी है। भावार्थ—स्वयंप्रभ पर्वतके परे कर्मभूमि पाइए है बहुरि उत्कृष्ट शरीरकी अवगाहना संयुक्त त्रस जीव तहां ही बाह्यविषै पाइए हैं॥ ३२४॥

आगैं इस गाथाका अपर अर्द्धविषै कह्या जो उत्कृष्ट अवगाहन ताकौं एक इन्द्रियका अवगाहनपूर्वक कहै हैं;—

अधियसहस्सं बारस तिचउरत्थेवं सहस्सयं पउमे।
संखे गोम्हिय भमरे मच्छे वरदेहदीहो दु॥ ३२५॥

अधिकसहस्रं द्वादश त्रिचतुर्थमेकं सहस्रकं पद्मे ।
संखे ग्रैष्मे भ्रमरे मत्स्ये वरदेहदीर्घं तु ॥ ३२५ ॥

अर्थ—साधिक हजार बारह तीन चतुर्थ भाग एक एक हजार योजन प्रमाण सख ग्रैष्म भ्रमर मच्छविषै उत्कृष्ट शरीरका दीर्घपना हो है । **भावार्थ**—एकेन्द्रीविषै कमलका साधिक हजार योजन बेंद्रीविषै शंखका बारह योजन तेन्द्रीविषै ग्रैष्म जो सहस्रपद नामा जीव ताका पौण योजन चौन्द्रीविषै भ्रमरका एक योजन पंचेन्द्रीविषै मनुष्यका एक हजार योजन शरीरकी ऊंचाईका उत्कृष्ट प्रमाण जाननां ॥ ३२५ ॥

आगैं तिनहीके व्यास अर उदय कहैं हैं;—

वासिगि कमले संख मुहुदओ चउपंचचरणमिह गोम्ही ।
वासुदओ दिग्घट्ठमतद्दलमलिए तिपाददलं ॥ ३२६ ॥

व्यास एकं कमले शंखे मुखोदयौ चतुःपंचचरणं इह ग्रैष्मे ।
व्यासोदयौ दीर्घाष्टमतद्दलमलौ त्रिपाददलम् ॥ ३२६ ॥

अर्थ—कमल नालविषैं व्यास एक योजन है सो समान गोल आकार है तातैं ताका बाहुल्य भी तितना ही जाननां । बहुरि शंखविषै मुख व्यास च्यारि योजन अर उदय जो ऊंचाई है पांच चरण कहिए पांचका चौथा भाग ताका सवा योजन प्रमाण जाननां । बहुरि इहां ग्रैष्मविषै व्यास है दैर्घ्य ताके आठवें भाग सो तीन योजनका बत्तीसवां भाग प्रमाण अर उदय दीर्घ ताके सोलवें भाग सो तीन योजनका चौसठियां भाग प्रमाण जाननां । बहुरि भ्रमरविषै व्यास त्रिचरण कहिए तीन चौथा भाग ताकी पौण योजन प्रमाण अर उदय जो ऊंचाई सो दल कहिए आधा योजन प्रमाण जाननां । तहां वासो तिगुणो परिही इत्यादि करणसूत्र करि कमलका क्षेत्रफल ल्याईए है । तहां एक योजन व्यास ताकौं तिगुणा किएं तीन योजन परिधि हो है । याकौं व्यासकी चौथाई पाव योजन करि गुणें पौण योजन होइ । याकौं हजार योजन ऊंचाईकरि गुणें साढा सातसै योजन प्रमाण कमलका क्षेत्रफल हो है ॥ ३२६ ॥

आगैं शंखका क्षेत्रफल ल्यावनेंकौं करणसूत्र कहैं हैं;—

आयामकदी मुहदलहीणा मुहवासअद्धवग्गजुदा ।
विगुणा वेहेण हदा संखावत्तस्स खेत्तफलं ॥ ३२७ ॥

आयामकृतिः मुखदलहीना मुखव्यासअर्धवर्गयुता ।
द्विगुणा वेधेन हता संखावर्तस्य क्षेत्रफलम् ॥ ३२७ ॥

अर्थ—ऊंचाईका प्रमाणका वर्ग करिए तामें मुख व्यासका अर्द्ध प्रमाण घटाइए जो प्रमाण होइ तामें मुख व्यासका अर्द्ध प्रमाणका वर्ग मिलाए जो प्रमाण होइ ताकौं दूणा करिए जो प्रमाण होइ ताकौं वेध करि गुणिए ऐसे किएं शंखावर्त क्षेत्रका क्षेत्रफल हो है। सो इहां ऊंचाई बारह योजन ताका वर्ग एक सौ चवालीस योजन तामें मुख व्यास च्यारि योजनका आधा दोय योजन घटाएं एक

